

डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5



PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा-लाल सिंह चड्ढा ही नहीं हॉलीवुड की रीमेक हैं बॉलीवुड की ये शानदार फिल्में...............

वर्ष -08 अंक -153 | प्रयागराज, मंगलवार 30, अगस्त, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### मनीष सिसोदिया के लॉकर की जांच पूरी

बैक से बाहर आकर डिप्टी सीएम बोले-कुछ नहीं मिलासीबीआई की टीम से पहले मनीष सिसोदिया अपनी पतनी के साथ अपने लॉकर की चाबी लेकर वसुंधरा चार स्थित मेवाड़ कॉलेज के अंदर पीएनबी की शाखा में पहुंच गए थे। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के वसुंधरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लॉकर की सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की टीम ने जांच की। सीबीआई की टीम से पहले मनीष सिसोदिया अपनी पतनी के साथ अपने लॉकर की चाबी लेकर वसुंधरा चार स्थित मेवाड़ कॉलेज के अंदर पीएनबी की शाखा में पहुंच गए थे। सीबीआई की जांच में कुछ नहीं मिलाः सिसोदिया दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से बैक के अंदर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए है। इसके बाद वह बाहर आए। यहां मीडिया से बात करते हुए सिसोदिया ने बताया कि सीबीआई की जांच में कुछ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके प्रेशर में किया जा रहा है। जिससे उन्हें 2 या 3 महीने तक जेल में डाला जा सके। अधिकारी भी मानते है हमने कुछ गलत नहीं किया: सिसोदिया मनीष सिसोदिया ने यह भी कहा कि सीबीआई ने उनके नौकर के अलावा घर पर और अन्य जगह पर भी जांच की थी लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला।

## पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी जल्द ही भाजपा के खिलाफ आंदोलन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पार्टी की नेता तूलिका अधिकारी ने कहा कि हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ होगी, चाहे



वह सत्तारूढ़ टीएमसी का हो या विपक्षी भाजपा का। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में कोई समझौता नहीं करेंगे।
दिल्ली और पंजाब की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी देश के अन्य राज्यों में अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी बीच सामने आया है कि पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी केंद्र की भाजपा सरकार के तानाशाही कामकाज के खिलाफ पश्चिम बंगाल में एक आंदोलन शुरू करेगी। गौरतलब है कि हाल ही में आम आदमी पार्टी ने भाजपा खेमे पर दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने का आरोप लगाया था। जिसके बाद से दोनों पाटियों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी की नेता तूलिका अधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द, हम केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्तावादी कामकाज के खिलाफ पश्चिम बंगाल में एक राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सरकार के अलोकतांत्रिक कामकाज और वंशवाद की राजनीति दोनों के खिलाफ हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन भाजपा के खिलाफ हमारे अखिल भारतीय कार्यक्रम का हिस्सा है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि आम आदमी पार्टी राज्य में 2024 का लोकसभा चुनाव भी लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। हम अगले साल तक राज्य भर में अपनी उपस्थिति बना लेंगे। हमारी अगले साल के पंचायत चुनाव और राज्य में 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना है। आप नेता तूलिका अधिकारी ने कहा कि पार्टी विकास, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन पर ध्यान देगी।पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी की नेता तूलिका अधिकारी ने कहा कि हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ होगी, चाहे वह सत्तारूढ़ टीएमसी हो या विपक्षी भाजपा। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में कोई समझौता नहीं करेंगे।

## कच्छ में बड़ा हादसा ट्रक से टकराई कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कच्छ।** एक ही परिवार के चार लोगों की मौतकार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकराने के बाद उसके अंदर घुस गई।दुर्घटना में कार में सवार कुल छह लोगों में चार की करीब 12 बजे हुई अधिकारी ने बताया, कार में सवार लोग नखतराना से मांडवी की ओर जा रहे थे, तभी दावड़ा गांव के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि कार



मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साल की बच्ची और परिवार का एक अन्य सदस्य घायल हो गया। गुजरात के कच्छ में मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार के ट्रक से टकराने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया, घटना जिले के नखतराना कस्बे के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकराने के बाद उसके अंदर घुस गई। दुर्घटना में कार में सवार कुल छह लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साल की बच्ची और परिवार का एक अन्य सदस्य घायल हो गया। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान कस्तूरबेन गोस्वामी (53), संगीताबेन गोस्वामी (25), परेश गोस्वामी (50) और मानभर (3) के रूप में हुई है।

## पुलिस ने 2.36 करोड़ रुपये की 1.2 किलोग्राम हेरोइन की बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एसपी राहुल गुप्ता ने बताया कि सेप्पा और दीमापुर पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में दीमापुर से हेरोइन के आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। अरुणाचल पुलिस ने तस्करी



के लिए लाई जा रही 1.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने बताया, हेरोइन की कीमत करीब 2.36 करोड़ रुपये है। यह हेरोइन 28 अगस्त को बरामद हुई थी। अब इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में पूर्वी कामेंग के सेप्पा के एसपी राहुल गुप्ता ने बताया कि सेप्पा और दीमापुर पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में दीमापुर से हेरोइन के आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही दो अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी की गई है। तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। असम में 4700 किलो गांजा बरामद इसके अलावा असम के करीमगंज जिले से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी है। मंगलवार को एक ट्वीट के माध्यम से उन्होंने बताया कि पुलिस ने सोमवार को 4700 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है। चुरैबाड़ी थाना क्षेत्र में नियमित जांच के दौरान यह बरामदगी की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी त्रिपुरा से ट्रक में छिपाकर गांजा लाए थे और उसे रबर शीट के नीचे दबाया गया था। ट्रक चालक ने नाकेबंदी देखकर वाहन रोक दिया। ट्रक की तलाशी के दौरान गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया, ट्रक चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। चालक की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया, मामले में जांच जारी है।

## 137 साल में 56 नेताओं ने संभाली कांग्रेस की कमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जानें इस बार कौन बन सकता है पार्टी का अध्यक्ष?कांग्रेस में जारी उठापठक के बीच पार्टी हाईकमान ने अध्यक्ष पद के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। 17 अक्तूबर को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। 19 अक्तूबर को नतीजा आएगा। चुनाव के लिए 22 सितंबर को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। 24 सितंबर से 30 सितंबर तक इसके लिए नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। अगर सबकुछ तय कार्यक्रम के तहत हुआ तो 19 अक्तूबर को कांग्रेस का अगला अध्यक्ष मिल जाएगा। क्या फिर से पार्टी की कमान गांधी परिवार के पास जाएगी या सोनिया-राहुल अपने किसी करीबी को ये जिम्मेदारी सौंपेंगे? कांग्रेस के गठन से लेकर अब तक पार्टी को कितने अध्यक्ष मिले? इनमें से कितने नेहरु-गांधी परिवार से थे? कितने गैर नेहरू-गांधी पार्टी के अध्यक्ष रहे? इस बार होने वाले चुनाव में किसकी दावेदारी मजबूत हैकांग्रेस की स्थापना थियिसोफिकल सोसायटी के प्रमुख सदस्य रहे एओ ह्यूम ने 28 दिसंबर 1885 में की। स्थापना के वक्त ह्यूम के साथ 72 और सदस्य थे। पार्टी के गठन के बाद ह्यूम संस्थापक महासचिव बने और वोमेश चंद्र बनर्जी को पार्टी का पहला अध्यक्ष नियुक्त गया। इसके बाद से अब तक पार्टी को 56 अध्यक्ष मिल चुके हैं। सबसे ज्यादा 45 साल तक पार्टी की कमान नेहरु-गांधी परिवार के पास ही रही है। 1885 से लेकर 1919 तक कांग्रेस में नेहरु-गांधी परिवार का कांग्रेस में ज्यादा दखल नहीं था। इसके बाद 1919 में कांग्रेस पार्टी के अमृतसर अधिवेशन में मोती लाल नेहरु को नया अध्यक्ष चुना गया। 1928 में उन्हें कलकत्ता के अधिवेशन में फिर से पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके



अगले ही साल कांग्रेस की कमान मोती लाल नेहरु के बेटे पं. जवाहर लाल नेहरू को मिल गई। लगातार दो साल उन्होंने कमान संभाली, फिर सरदार वल्लभ भाई पटेल को नया अध्यक्ष चुन लिया गया 1936 और 1937 में जवाहर लाल नेहरु फिर से अध्यक्ष बनाए गए। देश की आजादी के बाद 1951 में फिर से कांग्रेस की कमान पं. जवाहर लाल नेहरु को मिली। इस बार वो लगातार चार साल तक अध्यक्ष बने रहे। 1959 में कांग्रेस में इंदिरा गांधी की एंट्री हुई और वह अध्यक्ष बनीं। 1960 में इंदिरा के हाथ से कांग्रेस की कमान नीलम संजीव रेड्डी के पास चली गई। 1978 से 1983 तक फिर से इंदिरा अध्यक्ष रहीं। 1985 में कांग्रेस की कमान राजीव गांधी को मिली और छह साल तक उन्होंने कुर्सी संभाली। 1998 में सोनिया गांधी को अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद 2017 तक वह 19 साल तक पार्टी की टॉप लीडर बनी रहीं। 2017 में सोनिया ने बेटे राहुल गांधी को कांग्रेस की कमान सौंप दी। हालांकि कई राज्यों और लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद राहुल ने 2019 में अध्यक्ष पद छोड़ दिया। तब से सोनिया गांधी ही पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष बनी हुई हैं। पार्टी में विरोध और विपक्ष के लगातार हमले के बीच गांधी परिवार ने अध्यक्ष पद से खुद को अलग रखने का फैसला लिया है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी कई बार अध्यक्ष पद से हटने के लिए कह चुके हैं। हालांकि, पार्टी में कुछ नेता ऐसे हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस की कमान अभी गांधी परिवार के पास ही रहे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं, 'अगर गांधी परिवार से अलग कोई कांग्रेस की कमान संभालता है तो पार्टी में ज्यादा फूट पड़ने की आशंका है। पार्टी में अभी काफी गुट बन चुके हैं। ये गुट केवल गांधी परिवार के चलते ही एकजुट हो पाते हैं। अगर गांधी परिवार ने पार्टी की बागडोर छोड़ी तो इनका विद्रोह तेज हो जाएगा। पार्टी के भविष्य के लिए ये एक तरह से खतरा है।' कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के एक अन्य नेता कहते हैं, 'पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगता है। ऐसे में मुश्किल है कि राहुल गांधी या सोनिया गांधी फिर से अध्यक्ष पद संभालें। ऐसी स्थिति में किसी ऐसे चेहरे को ये जिम्मेदारी दी जा सकती है जो नेहरु-गांधी परिवार का विश्ववसनीय हो। ऐसे ही चेहरे की तलाश हो रही है।'1. अशोक गहलोतः गांधी परिवार के करीबी हैं।

## राजनाथ सिंह का विपक्ष पर तंज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मोदी ही हैं जिन्होंने लोगों की भावनाओं को समझाराजनाथ सिंह ने 'द आर्किटेक्ट ऑफ द न्यू बीजेपी : हाऊ नरेंद्र मोदी ट्रांसफार्म्ड द पार्टी' किताब का विमोचन किया। इस अवसर पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग पीएम मोदी की काट खोज रहे हैं लेकिन उन्हें मिल नहीं रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही ऐसे नेता है जिन्होंने जनता की भावनाओं को समझा। साथ ही कहा कि वह वह लोगों से सीधे जुड़ते हैं और बदले में उन्हें लोगों का विश्वास हासिल होता है।

## शिंदे का अफसरों को निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए 30 सितंबर तक जमीन अधिग्रहण पूरा करें मुंबई-अहमदाबाद के बीच देश के पहले



हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर काम जारी है। मोदी सरकार ने इसे देश की वित्तीय राजधानी और गुजरात के वाणिज्यिक केंद्र के बीच संपर्क का एक अहम माध्यम करार दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 30 सितंबर तक किसी भी हाल में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इसी एक महीने के अंदर जमीन अधिग्रहण की मुआवजा राशि भी दे दें। गौरतलब है कि मुंबई-अहमदाबाद के बीच देश के पहले हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर काम जारी है। मोदी सरकार ने इसे देश की वित्तीय राजधानी और गुजरात के वाणिज्यिक केंद्र के बीच संपर्क का एक अहम माध्यम करार दिया है। करोड़ों रुपये के इस प्रोजेक्ट में गुजरात और महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जमीन अधिग्रहण पर जोर दिया जाना था। हालांकि, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार में इस प्रोजेक्ट में कई रुकावटें आईं। हालांकि, इस साल जून में सरकार बदलने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने वादा किया था कि वे बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करवाएंगे। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर जानकारी देते हुए महाराष्ट्र के जनसंपर्क विभाग ने कहा, ठसीएम एकनाथ शिंदे ने सभी अफसरों को मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए जल्द से जल्द जमीन अधिग्रहण पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ प्रभावित परिवारों को भी मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है।

## ईडी ने अभिषेक को किया तलब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बंगाल।** मंडल से जेल में पूछताछ करेगी सीबीआईप्रवर्तन निदेशालय बंगाल के चर्चित कोयला घोटाले की पहले से जांच कर रहा है। मामले में अब तक अभिषेक बनर्जी से कई बार पूछताछ हो चुकी है। बनर्जी के निवास पर छापे भी मारे गए थे। ईडी ने एक बार फिर अभिषेक बनर्जी को



समन भेजा है। पश्चिम बंगाल में सीबीआई व ईडी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। ईडी ने जहां सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को 1 सितंबर को फिर तलब किया है, वहीं पशु तस्करी मामले में जेल में बंद टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल से सीबीआई जेल में जाकर पूछताछ कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय बंगाल के चर्चित कोयला घोटाले की पहले से जांच कर रहा है। मामले में अब तक अभिषेक बनर्जी से कई बार पूछताछ हो चुकी है। बनर्जी के निवास पर छापे भी मारे गए थे। ईडी ने एक बार फिर अभिषेक बनर्जी को समन भेजा है। उन्हें 2 सितंबर को कोलकाता स्थित ईडी दफ्तर में बुलाया गया है। उधर, सीबीआई की टीम बंगाल की आसनसोल जेल में बंद टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल से पशु तस्करी मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ कर सकती है। सीबीआई की चार सदस्यीय टीम सोमवार रात कोलकाता से आसनसोल पहुंची है। वह जेल में जाकर मंडल से पूछताछ करेगी। सीबीआई एक अधिकारी ने बताया कि हमारे अधिकारी उस जेल में जाएंगे, जहां मंडल बंद है। उनसे घोटाले को लेकर नई जानकारी हासिल की जाएगी। सीबीआई ने जांच में सहयोग नहीं करने पर बीरभूम जिले के टीएमसी अध्यक्ष मंडल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने जिले में कई जगह छापे मारकर बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किए थे।

## क्या कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे थरूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** उन्होंने खुद दिया इसका जवाबशशि थरूर ने कहा है कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लूयूसी) की दर्जन भर सीटों के लिए भी पार्टी को चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की अटकलों पर



शशि थरूर की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने समाचार एजेंसी "घ् से बात कर इस मामले को स्पष्ट कर दिया है। थरूर ने कहा कि मुझे इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है। मैं बस वही कहूंगा जो मैंने अपने आर्टिकल में लिखा है। कांग्रेस पार्टी में चुनाव होते हैं तो वह पार्टी के लिए ही अच्छा होगा। बता दें सोमवार देर शाम अटकलें चल रही थीं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़ने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। अटकलों में यह भी कहा गया कि थरूर ने अभी अपना मन नहीं बनाया है लेकिन वह जल्द ही इस पर निणन्य ले सकते हैं थरूर ने आर्टिकल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की हालांकि, थरूर ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि वह इस मुकाबले में शामिल होंगे या नहीं। उन्होंने मलयालम के दैनिक अखबार मातृभूमि में एक लेख लिखा है, जिसमें उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का आह्वान किया है। इस लेख में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लूयूसी) की दर्जन भर सीटों के लिए भी पार्टी को चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। जी-23 नेताओं के समूह में शामिल थे शशि थरूर थरूर ने कहा कि एआईसीसी और पीसीसी प्रतिनिधियों से पार्टी के सदस्यों को यह फैसला करने की अनुमति देने से कि इन प्रमुख पदों पर पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, इससे आने वाले नेताओं के समूह को वैध बनाने और पार्टी का नेतृत्व करने के लिए उन्हें विश्वसनीय जनादेश देने में मदद मिलेगी।

## बंगाल: टीएमसी नेता को छोड़ दो नहीं तो ड्रग्स केस में फंसा देंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बंगाल।**सीबीआई ने पशु तस्करी के मामले में ममता के करीबी और टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है। सीबीआई के मुताबिक 2015 से 2017 के दौरान सीमा सुरक्षा बल को 20,000 से ज्यादा पशुओं के कटे सिर मिले थे पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीबीआई कोर्ट के न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती को धमकी भरा पत्र देने के आरोप में एक वकील सुदीप्त रॉय को गिरफ्तार किया गया है। वकील ने ममता के करीबी और टीएमसी के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल को जमानत देने की मांग की थी। वकील ने धमकी भरे पत्र में कहा कि अगर ममता बनर्जी के करीबी अनुब्रत मंडल को जमानत नहीं दी गई तो जज और उसके परिवार को मामले में फंसा दिया जाएगा। बता दें कि का मामला



नशीले पदार्थों के सेवन करने, इसे बनाने, खरीद-बिक्री करने के खिलाफ लगाया जाता है। उसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 कहते हैं. इसे शॉर्ट में ञ्झ्र एक्ट कहा जाता है पशु तस्करी मामले में फंसे थे अनुब्रत मंडल पशु तस्करी मामले में सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसके बाद अनुब्रत को आसनसोल की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। अनुब्रत को फिर 24 अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इससे पहले अनुब्रत के वकीलों ने अनुब्रत मंडल को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए, कोर्ट ने अनुब्रत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब उन्हें 7 सितंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा जज ने धमकी की शिकायत की थी आसनसोल एसपीएल सीबीआई कोर्ट के जज राजेश चक्रवर्ती ने दावा किया था कि उन्हें मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार अनुब्रत मंडल मामले में धमकी मिली है। जस्टिस चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें अनुब्रत मंडल को जमानत की मांग वाला धमकी भरा पत्र मिला है। इसमें कहा गया है कि अनुब्रत को जमानत नहीं दी गई तो उनके परिवार को एनडीपीएस केस में फंसाया जाएगा। बता दें कि टीएमसी बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में कल उनसे सीबीआई दफ्तर में पूछताछ भी हुई थी।

# तीज महोत्सव पर महिलाएं हुई पुरस्कृत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन हेतु सतत् प्रतिबद्ध राष्ट्रीय सामाजिक संगठन जूही सेवा संस्थान ने महिला सेवा सदन महाविद्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में छात्राओं व अध्यापिकाओं भारी संख्या में तीज महोत्सव के अंतर्गत सौंदर्य व मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा का परिचय दिया! मिशन शक्ति व महिला उत्थान हेतु सदैव तत्पर जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं व अध्यापिकाओं को अभिनंदन पत्र व विभिनन्‍ पुरूस्कारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया! कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेविका सीता देवी निषाद ने बताया कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं को स्थापित कर राष्ट्र के प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं !! कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्कूल की प्रोफेसर पार्वती सिंह. प्रोफेसर रूबी वर्मा. प्रोफेसर इच्छा नायर .और आराधना कुमारी. सपना श्रीवास्तव शालिनी जी जिसमें छात्राओं में प्रथम स्थान रिंकी द्वितीय करिश्मा सोनकर तृतीय स्थान आकांक्षा भारतीय सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं !!





# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ जिला जजों का किया तबादला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महानिबंधक की ओर से जारी की गई अधिसूचनाइलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ जिला जजों का तबादला कर दिया है। भूमि अर्जन, पुनर्वास अधिकरण के दो पीठासीन अधिकारियों को कॉमशिय्‍ल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार देर रात आठ जिला जजों का तबादला कर दिया। इसके साथ ही चार भूमि अर्जन, पुनर्वास के पीठासीन अधिकारी, पांच प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण केएक पीठासीन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकरण लखनऊ केचेयरमैन और एक सदस्य को जिला जज नियुक्त किया गया है। भूमि अर्जन, पुनर्वास अधिकरण केदो पीठासीन अधिकारियों को कॉमशिय्‍ल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। स्थानांतरित होने वालों में फतेहपुर के जिला जज संतोष कुमार राय को इलाहाबाद का जिला जज, बस्ती के जिला जज विनोद कुमार को बरेली का जिला जज, सहारनपुर के जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी को फर्रुखाबाद का, एटा के जिला जज संदीप जैन को कानुपर नगर का जिला जज, उननव के जिला जज हरवीर सिंह को फिरोजाबाद का जिला जज, बंदायू के जिला जज जफर अहमद को झांसी का जिला जज, संभल के जिला जज भानु देव शर्मा को शाहजहांपुर, प्रतापगढ़ के जिला जज संजय शंकर पांडेय को लखनऊ का जिला जज बनाया गया है। इसके अलावा कननैज के मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव को कननैज का जिला जज, प्रशासनिक अधिकरण लखनऊ की चेयरमैन बबिता रानी को सहारनपुर का जिला जज, आगरा के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी को बांदा का जिला जज, मूरादाबाद के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी जय प्रकाश पांडेय को सुल्तानपुर का जिला जज, महराजगंज के जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ को चंदौली का जिला जज, मेरठ के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी विजय शंकर उपाध्याय को हरदोई का जिला जज, बरेली के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी विजय शंकर उपाध्याय को एटा का जिला जज बनाया गया है। वहीं फिरोजाबाद और लखनऊ के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी संजीव शुक्ला और हरीश त्रिपाठी को उसी जिले में कॉमशिय्‍ल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इलाहाबाद के प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल को बदायूं और लखनऊ के प्रशासनिक अधिकरण की सदस्य प्रतिमा श्रीवास्तव को उननव का जिला जज, गोरखपुर के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी कुलदीप सक्सेना को बस्ती का जिला जज, फैजाबाद केप्रधान पारिवारिक न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय को प्रतापगढ़ का जिला जज, अलीगढ़ के पारिवारिक प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार मलिक को सिद्धार्थनगर का जिला जज, औरैया के प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश रनंजय कुमार वर्मा को फतेहपुर का जिला जज, मैनपुरी के प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अनिल कुमार (तेरहवें) को संभल का जिला जज नियुक्त किया गया है।



# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीडितों में बांटी राहत सामग्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और हर मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि रहात शिविरों में रहने वाले बाढ़ प्रभावितों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के साथ खड़ी है और हर मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि रहात शिविरों में रहने वाले बाढ़ प्रभावितों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बाढ़ से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता की जाएगी। इसके पूर्व प्रयागराज में बाढ़ क्षेत्र के निरीक्षण के लिए जाते हुए रास्ते



मौर्य ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने नाव से दारागंज, बक्शी बांध, पत्रकार कालोनी, राजापुर, गंगानगर सहित कई इलाकों का दौरा किया। बाढ़ में फंसे लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उनके साथ पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डिप्टी सीएम मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे और बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों में सेंट मेरी स्कूल के सामने एक सड़क दुर्घटना हो गई थी। दुर्घटना स्थल पर भीड़ देखकर केशव मौर्य ने अपनी फ्लीट रुकवाई । तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करके घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और चिकित्सक को घायल व्यक्ति का इलाज करने का निर्देश दिया। इस दौरान वहां लगे जाम को देखते हुए केशव ने अपने साथ चल रहे पुलिस के जवानों से ट्रैफिक कंट्रोल करने को कहा, ताकि वहां लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।


# शिक्षक ने मुर्गा बनाया तो तमंचा लेकर स्कूल पहुंच गया दसवीं का छात्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र को उसके एक साथी समेत हिरासत में ले लिया। साथ ही स्कूल प्रबंधन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। धामापुर निवासी 15 वर्षीय किशोर अब्दालपुर खास स्थित विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र है। अब्दालपुर खास स्थित एक विद्यालय में शिक्षक ने अनुशासन के लिए छात्र को डांट फटकार लगाकर मुर्गा बनाया तो उसे सबक सिखाने के लिए वह तमंचा लेकर आ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र को उसके एक साथी समेत हिरासत में ले लिया। साथ ही स्कूल प्रबंधन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। धामापुर निवासी 15 वर्षीय किशोर अब्दालपुर खास स्थित विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र है। आरोप है कि सोमवार को क्लास के दौरान एक शिक्षक ने उसे किसी बात को लेकर फटकार लगा दी थी। मुर्गा बनने को भी कह दिया। इसके बाद छात्र नाराज हो गया। मंगलवार को वह बैग में तमंचा लेकर विद्यालय पहुंच गया। अन्य छात्रों ने देखा तो हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर शिक्षक और प्रधानाचार्य ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने छात्र व उसके एक दोस्त को हिरासत में ले लिया। छात्र ने पूछताछ में बताया कि उसने पसियापुर निवासी अपने दोस्त से तमंचा लिया था। वह इंटर का छात्र है। पुलिस ने जब दूसरे छात्र को पकड़ा तो उसने फाफामऊ के शांतिपुरम मोहल्ले से तमंचा खरीदने की बात बताई। छात्र के मुताबिक उसका घर सुनसान स्थान पर है और चोरियों का खतरा रहता है। इसी कारण उसने तमंचा खरीदा था। मामले को लेकर विद्यालय के प्रशासनिक हेड नवनीत श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी छात्र पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर सोरांव अशोक कुमार ने बताया कि दोनों छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तमंचा कहां से खरीदा गया, इसकी पड़ताल चल रही है।



# ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांगा जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कोर्ट ने कहा है कि मामले में अभी तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार का कोई जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर दोनों को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वरनाथ मंदिर विवाद मामले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने कहा है कि मामले में अभी तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार का कोई जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर दोनों को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। मामले में न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। इसके पूर्व मामले में मंदिर पक्ष की ओर से बहस की गई है।



# 38 वर्ष पुराने मामले में हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटाहाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को एकतरफा मानते हुए उसे रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में पूरी तरह सक्षम रहा कि हत्या आरोपियों ने की है। साथ ही चिकित्सकीय साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आरोपों की पुष्टि हो रही है। हत्या के 38 वर्ष पुराने मामले में वाराणसी ट्रायल कोर्ट से बरी हो चुके आरोपियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने राज्य की ओर से दाखिल अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को एकतरफा मानते हुए उसे



रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में पूरी तरह सक्षम रहा कि हत्या आरोपियों ने की है। साथ ही चिकित्सकीय साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आरोपों की पुष्टि हो रही है। निचली अदालत ने मामले में न्याय के बुनियादी सिद्धांतों को नजरअंदाज करते हुए आरोपियों को बरी कर दिया। वर्ष1984 में आयोजित पंचायत में केदार नाथ और उनकी पतनी पर फायरिंग करने तथा लाठियों से पीटने का आरोप है। घटना से केदारनाथ की मौत हो गई थी। मामले में यदुराई, हरिशंकर, रामनरेश, देवेंद्र और वीरेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। लेकिन, निचली अदालत ने मामले में सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। सरकार की ओर से अधिवक्ता विकास गोस्वामी ने बहस की। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान निचली अदालत के फैसले को गलत पाया और कहा कि आरोपियों की फायरिंग और हमले से ही केदार की मौत हुई और अन्य लोग घायल हुए।

# ब्रिटिश उच्चायोग के अफसरों ने जुटाई कुंभ के बारे में जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ब्रिटिश उच्चायोग के दोनों अफसर अलग-अलग वर्ग के लोगों से मुलाकात कर प्रयागराज के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने सेमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं से मुलाकात की थी। इसी क्रम में दोनों अफसर मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम से मुलाकात की। प्रयागराज भ्रमण पर आए ब्रिटिश उच्चायोग के पॉलिटिकल एंड बाईलेटरल अफेयर्स के मुखिया रिचर्ड बाली तथा वरिष्ठ राजनीतिक सलाहकार भावना विज ने मंगलवार अफसरों ने कुंभ, भीड़ प्रबंधन, तैयारी आदि बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने राजनैतिक, सांस्कृतिक दृष्टि से भी प्रयागराज को समझने की कोशिश की। अफसरों ने प्रशासनिक कार्यसंस्कृति, कानून व्यवस्था आदि बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत की। डीएम ने बताया कि दोनों अफसरों का यहां आने का मकसद प्रयागराज को समझना है। इसी परिपेक्ष्य में अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा हुई। डीएम ने ब्रिटिश अफसरों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए। घर के भीतर महिला की गला रेतकर हत्या, खून से लथपथ मिली लाशबक्सी खुर्द में आसिफ था तो पतनी की खून से लथपथ लाश मिली। सूचना मिलते ही एसएसपी, एसपी सिटी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। बक्सी खुर्द में आसिफ सिद्दीकी अपनी पतनी सलमा सिद्दीकी के साथ रहते हैं। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। फिलहाल पति-पतनी अकेले रहते थे। मंगलवार की दोपहर में आसिफ किसी काम से शहर में निकले थे।



को डीएम संजय कुमार खत्री से मुलाकात की और प्रशासनिक कार्य संस्कृति को समझा। दोनों अफसरों ने कुंभ के आयोजन को लेकर भी डीएम से विस्तार से चर्चा की। ब्रिटिश उच्चायोग के दोनों अफसर अलग-अलग वर्ग के लोगों से मुलाकात कर प्रयागराज के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने सेमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं से मुलाकात की थी। इसी क्रम में दोनों अफसर मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम से मुलाकात की। सिद्दीकी अपनी पत्नी सलमा सिद्दीकी के साथ रहते हैं। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। फिलहाल पति-पतनी अकेले रहते थे। मंगलवार की दोपहर में आसिफ किसी काम से शहर में निकले थे। दोपहर 12 बजे जब वह लौटे तो पतनी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। दारागंज थाना क्षेत्र के बक्शी खुर्द मुहल्ले में मंगलवार को दोपहर में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घर में महिला अकेली थी। उसका पति किसी काम से शहर में निकला था। घर लौटकर आया दोपहर 12 बजे जब वह लौटे तो पतनी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। उनकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। यह देख वह सनन्‍ रह गए। शोरगुल मचाने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस के अलावा एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# डीआरएम के कुशल निर्देशन मे यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु नई तकनीक से हो रहा रेलवे का कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के कुशल निर्देशन मे रेल यात्री सुविधाओं के उनन्यन नई तकनीक का उपयोग, विकास कार्यों, नई लाइनों का निर्माण, विद्युतीकरण, गाड़ियों के संचलन में सुगमता आदि कार्यों में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में विगत वर्षों में वाराणसी मंडल में तीव्रता के साथ हो रहे दोहरीकरण सह विद्युतीकरण के कारण छोटे स्टेशनों पर भी यात्रियोंके सुरक्षित प्लेटफार्म बदलने हेतु पैदल ऊपरी गामी पुलों का निर्माण करके रेल संचलन को तीव्र एवं दुर्घटना रहित बनाने की योजना को तेजी से कार्यान्वित किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे ने पैदल ऊपरी गामी पुलों का निर्माण के क्रम में वाराणसी मण्डल के फेफना- इन्दारा रेल खण्ड पर रसड़ा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 02 के निर्माण के उपरांत प्लेटफार्म संख्या 01 से जोड़ने वाले निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज पर रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा 350.2750. 640 मीटर के दो गर्डरों की सफल लांचिंग का कार्य आज सोमवार को सम्पन्न हुआ। गर्डरों की लांचिंग यह चुनौतीपूर्ण कार्य एक शिफ्ट में मात्र 02:30 घंटे का



ट्रैफिक एवं कर्षण ब्लाक लेकर सुरक्षा मानकों के साथ सफलतापूर्वक किया गया। गर्डर लांचिंग में उच्च क्षमता वाले रोडक्रेन का उपयोग किया गया। लांच किये गये 2 गर्डरों में से दो गर्डर की लम्बाई 35 मीटर तथा वजन 36 टन है। गर्डर लांचिंग का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री विकास चंद्रा,अपर महाप्रबंधक(सिविल विशेषज्ञ) संरक्षा एवं नियोजन एस0एन0 साहू की देख-रेख में 29 अगस्त को अपराह्न 13:00 बजे से 15:30 बजे विद्युत कर्षण एवं ट्रैफिक ब्लाक लेकर सिमित अवधि में सम्पन्न किया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जन सम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस कार्य हेतु प्री एफओबी लॉन्चिंग की तैयारी 20 अगस्त, 2022 से शुरू कर ली गई थी जिसमें क्रेन प्लेसमेंट, मटेरियल शिफ्टिंग और अन्य कार्यो के लिए लाइन संख्या -2 का पावर और ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया था। इस अवधि के दौरान गर्डर लॉन्चिंग (2 नग), सुरक्षा संबंधी वेल्डिंग कार्य, टीआरडी कार्य और अन्य संबद्ध नियोजित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।अब रसड़ा स्टेशन पर यात्रियों को सुरक्षित ढंग से प्लेटफार्म बदलने में पैदल ऊपरी गामी पुल की सुविधा मिलेगी और परिचालन में भी सुविधा होगी ।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर स्टेडियम में आयोजित की गई अनेक प्रतियोगिता


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर सोमवार को सैयद मोदी रेलवे



स्टेडियम गोरखपुर में अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गईं। उल्लेखनीय है कि खेल जगत में विशिष्ट पहचान रखने वाले नरसा के अनेक खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में समय-समय पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे की दो महिला पहलवान अंकुश (50 किग्रा.) एवं मानसी (59 किग्रा.) का चयन 10 से 18 सितम्बर,2022 तक सरबिया में आयोजित होने वाली ''विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप'' में भाग लेने वाली भारतीय सीनियर महिला कुश्ती टीम में हुआ है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के बेहतरीन बल्लेबाज एवं विकेट कीपर उपेन्द्र यादव का चयन इण्डिया-ए क्रिकेट टीम में बी.सी.सी.आई. द्वारा किया गया है। इसी प्रकार पूर्वोत्तर रेलवे के उभरती हुई हाकी खिलाड़ी सिमरन सिंह का चयन बंगलौर में 29 अगस्त, 2022 से आयोजित 'सीनियर महिला हाकी नेशनल कैम्प' में हुआ है। सिमरन सिंह एक भरोसेमन्द डिफेन्डर हैं। पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के संरक्षक एवं महाप्रबन्धक अशोक कुमार मिश्र ने इन खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नरसाके तत्त्वावधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में रेलवे स्टेडियम क्लब ने एमपी0 कालेज को 14-10 से पराजित किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रेलवे स्टेडियम ग्रीन एलेवन ने कांटेके मुकाबले में रेड एलेवन को 16-14 से शिकस्त दी। फुटबाल मुकाबले में एन.ई.आर. मुख्यालय की टीम ने सद्भावना क्लब को संघर्षपूर्ण मैच में 3-2 से परास्त किया। बालीवाल में एनई .रेलवे रेड ने एन.ई.रेलवे ग्रीन को 3-2 से पराजित किया। पूर्वोत्तर रेलवे क्रीडा संघ के अध्यक्ष श्री योगेश मोहन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि हाकी के विश्व विख्यात खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतिवर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। मेजर ध्यान चन्द के खेल की उत्कृष्टता को देखकर 1936 के जर्मनी ओलम्पिक में हिटलर ने उन्हें जर्मनी की ओर से खेलने का प्रलोभन दिया, लेकिन देशभक्त ध्यान चन्द ने यह प्रस्ताव स्वीकार नही किया।उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खेल के मैदान में पसीना बहाते हुये देखना उनके स्वर्णिम भविष्य का परिचायक है। योगेश मोहन ने विभिनन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पूर्वोत्तर रेलवे क्रीडा संघ के महामंत्री श्री पंकज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुये कहा कि आज के सभी मैच बहुत ही उच्च स्तर के रहे । खिलाड़ियों ने खेल की भावना से खेलते हुये अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेजर ध्यान चन्द का पूर्ण स्मरण करते हुये उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं का बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन आसिफ जहीर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक यांत्रिक कारखानागोरखपुर ने किया।

# ऑनलाइन डिलीवरी पर बाढ़ ने लगाया ब्रेक, पिछले 12 दिनों में कैंसिल हुए पांच हजार ऑर्डर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** वाराणसी में बाढ़ का असर ऑनलाइन शॉपिंग और डिलीवरी पर भी हो रहा है। वाराणसी में ऑनलाइन डिलीवरी पर बाढ़ ने ब्रेक लगा दिया है। बाढ़ के चलते पिछले 12 दिनों में करीब पांच हजार से अधिक ऑर्डर कैंसिल हुए हैं। इसमें से सर्वाधिक ऑर्डर सामने घाट से लेकर बालाजी नगर कालोनी के हैं। वाराणसी में ऑनलाइन डिलीवरी असर ऑनलाइन ऑर्डर की डिलीवरी पर पड़ा है। सामने घाट निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से जींस ऑर्डर किया था लेकिन बाढ़ के चलते उनका ऑर्डर नहीं मिल पाया है। डिलीवरी ब्वॉय ने कई बार फोन किया कि आपका पॉर्सल आया है आकर ले जाइए। बाढ़ के चलते बाहर जाकर ऑर्डर नहीं ले सका और ऑर्डर कैंसिल करना पड़ा। सिद्धांत जायसवाल ने



पर बाढ़ ने ब्रेक लगा दिया है। बाढ़ के चलते पिछले 12 दिनों में करीब पांच हजार से अधिक ऑर्डर कैंसिल हुए हैं। इसमें से सर्वाधिक ऑर्डर सामने घाट से लेकर बालाजी नगर कालोनी के हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 19 से 30 अगस्त के बीच हजारों लोगों ने ऑर्डर कैंसिल किए हैं। बाढ़ ने ऑनलाइन डिलीवरी पर ग्रहण लगा दिया है। प्रतिदिन चार सौ से पांच सौ ऑर्डर कैंसिल हो रहे हैं। बाढ़ से घिरे क्षेत्रों में फंसे लोग बाहर डिलीवरी लेने आ नहीं रहे हैं और डिलीवरी बॉय बाढ़ में डूबी सडकों पर उतरने का जोखिम नहीं ले रहे हैं। इसका बताया कि बच्चे के लिए ऑनलाइन कपड़े ऑर्डर किए थे। लेकिन बाढ़ की वजह से डिलीवरी नहीं मिली। डिलीवरी का काम करने वाले गौतम सोनकर ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों से संपर्क कर रहे हैं लेकिन डिलीवरी में समस्या आ रही हैं। दोनों ओर से ऑर्डर कैंसिल किए जा रहे हैं। प्रतिदिन चार से पांच सौ ऑर्डर कैंसिल हो रहे हैं। इस वजह से स्टोर में कैंसिल माल का स्टॉक बढ़ गया है। जब तक बाढ़ है तब तक यह डिलीवरी नहीं हो सकती बाढ़ का पानी उतरने के बाद तेजी से सामान लोगों के घर पहुंचाएंगे।

# कल सीएम योगी वाराणसी,गाजीपुर और चंदौली करेगें दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी, गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। सीएम बढ़ा प्रभावित लोगों से भी बात करेंगे। बताया जा रहा है कि सीएम गाजीपुर से हेलीकॉप्टर से बलुआ पहुंचेंगे। यहां से वे कार से बाल्मीकि इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को चंदौली और गाजीपुर में




गंगा के बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर दो बजे गाजीपुर में मुहम्मदाबाद के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में हेलीकॉप्टर से पहुंचेगे। करीब एक घंटे जनपद में रहेंगे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ राहत सामग्री वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार दो बजकर दस मिनट से दो बजकर 55 मिनट तक जनपद में रहेंगे। इस दौरान बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाढ़ के संबंध में बैठक और प्रेस वार्ता करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री तीन बजे चंदौली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। चंदौली में हेलीकॉप्टर के जरिये सीएम बाढ़ प्रभावित इलाके चहनियां, धानापुर, ब्लाक का निरीक्षण करेंगे। बताया जा रहा है कि सीएम गाजीपुर से हेलीकॉप्टर से बलुआ पहुंचेंगे। यहां से वे कार से बाल्मीकि इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। जहां सीएम बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण करेंगें। वहीं बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगों से मुलाकात करेंगे। पीड़ितों से बात कर मुश्किलों का जायजा लेंगे। बाद में बाढ़ को लेकर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। वे बाल्मिकी इंटर कालेज बलुआ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। दोपहर करीब साढ़े चार बजे हेलीकॉप्टर के जरिये वाराणसी प्रस्थान कर जाएंगे।

# गोद लिया गांव डोमरी डूबा तो कहीं रिक्शा में लादकर सुरक्षित जगह भेजी जा रही छोटी नावें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा की उफनाई लहरें शहर और गलियों में आ गई हैं। मंगलवार को लहरें काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में प्रवेश कर गईं। वहीं दूसरी तरफ गंगा ने अस्सी घाट को पूरी तरह से डूबो दिया है। अस्सी से नगवां वाली सड़क पर नावें चल रही हैं। वहीं, पीएम मोदी का गोद लिया गया गांव डोमरी भी बाढ़ में डूब गया है। सामनेघाट के सामने करीब दर्जनभर से अधिक कॉलोनियों में सैकड़ों मकान पानी में घिर गए हैं। उधर, वरुणा तटवर्ती इलाकों को बाढ़ तेजी से अपने आगोश में ले रहा है। जलासेन पथ के रास्ते धाम में गंगा की लहरें घुसने के बाद पूरा रैंप पानी में डूब गया है। मणिकर्णिका घाट और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में बाढ़ का पानी आ गया है। वहीं



दूसरी तरफ गंगा ने अस्सी घाट को पूरी तरह से डूबो दिया है। अस्सी से नगवां वाली सड़क पर नावें चल रही हैं। नमो घाट पर नमस्कार की मुद्रा वाली छोटी आकृति डूब चुकी है। लंका क्षेत्र में गलियों के अंदर बाढ़ का पानी घुस आया है। बाकी अन्य पक्के घाटे भी धीरे-धीरे डूबते जा रहे हैं। दशाश्वमेधऔर शीतलाघाट के जरिए पानी सड़क होते हुए सब्जी मंडी के तक पहुंच गई है। ग्रामीण इलाकों में रमना, डाफी, चिरईगांव, व चौबेपुर आदि इलाकों के दर्जनभर से अधिक गांवों का सम्पर्क आसपास से कट गया है। वहीं अस्सी घाट की अगर बात करें तो यहां ट्राली रिक्शा में लादकर छोटी नावें सुरक्षित जगह भेजी जा रही हैं।

# रातोंरात बनारस पहुंची नोएडा पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** दहेज उत्पीड़न मामले में फरार चल रहे आरोपियों के उत्पीड़न के आरोप में फरार चल रहे आरोपियों के नरिया स्थित सभापति भवन में मंगलवार को आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया गया है। उपनिरीक्षक महेश दत्त शर्मा ने बताया कि सभापति भवन नरिया लंका में रहने वाला राधा कांत उपाध्याय के बेटे कुमार सौरभ की शादी 2015 में नोएडा की रहने वाली चारु स्मृता के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद चारु ने पति कुमार सौरभ पिता राधा कांत उपाध्याय, ननद सीमा और कनक मिश्रा, देवर शैलेन्द्र डब्बू, सास सुशीला देवर कुलश्रेष्ट के खिलाफ 2015 में नोएडा में आइपीसी 498 ए, 3/4 डीपी एक्ट के तहत प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी ने कभी न्यायालय या पुलिस से संपर्क नहीं किया। सभी आरोपी गैर राज्यों में पता बदल कर रहते हैं।



घर मंगलवार को नोएडा पुलिस आई। आरोपियों के घर पर नहीं मिलने पर नरिया स्थित सभापति भवन में मंगलवार को थाना सेक्टर 58 नोएडा की पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा किया। दहेज थाना सेक्टर 58 नोएडा की पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा किया। आरोपियों के घर मौजूद नहीं मिलने पर थाना सेक्टर 58 नोएडा पुलिस टीम के साथ आए उपनिरीक्षक महेश दत्त शर्मा ने इन सभी के खिलाफ कोर्ट से एन बी डब्लूयू व सीआरपीसी 82 की कार्यवाही कर सभी फरार अपराधी घोषित किए गए हैं।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# नक्सल संचरण गतिविधियों की रोकथाम के लिए जंगलों में की गई सघन काबिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय हाथी नाला थाना क्षेत्र के जंगलों में हाथी नाला के लिए सघन कांबिंग की गई इस दौरान जंगल में मिले व्यक्तियों तथा वन रक्षकों एवं जानवर






पुलिस मय फोर्स के द्वारा रविवार के दोपहर नक्सल संचरण गतिविधियों की रोकथाम हेतु बेलहत्थी व जोगीडीह के जंगलों में सघन काम्बिंग की गई ।थाना प्रभारी रविन्द्र प्रसाद के अनुसार थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सल विरोधी गतिविधियों की रोकथाम चराने वालों से नक्सली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही गांव में किसी अंजान लोगो के रहने या आने जाने पर नजर रखकर संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल थाने को सूचना देने की अपिल किया।


# वैष्णो शक्तिपीठ धाम पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सपरिवार सहित माथा टेका.

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय डाला नगर में स्थित मां वैष्णो शक्तिपीठ धाम पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सपरिवार सहित माथा टेका रविवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सपरिवार सहित मां वैष्णो देवी शक्ति पीठ पर माथा टेक विधिः विधान पूर्वक दर्शन पूजन किया जिसके उपरांत मंदिर परिसर के व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सभी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रशंसा की और साथ ही प्रशासन की तरफ से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुए वैष्णो मंदिर कार्यालय में बैठकर जलपान ग्रहण करते हुए सभी अग्रवाल धर्मार्थ समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वार्ता की किया वहीं सुरक्षा दृष्टिगत रखते हुए डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र द्विवेदी अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे इसके साथ डाला वैष्णो मंदिर के प्रसाद विक्रेता बजरंगी सेठ व प्रदीप निषाद सहयोगात्मक सम्बन्ध रूप में लगें रहें इस दौरान अग्रवाल धर्मार्थ समिति अग्रसेन नगर डाला बाड़ी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष मित्तल वर्तमान अध्यक्ष मुकेश गर्ग अनिल जिंदल पुरषोत्तम अग्रवाल राधेश्याम राजकुमार गोयल राकेश गर्ग विकास बंसल सतवीर बंसल शामिल रहे।









# हाईवोल्टेज करंट से युवा की मौत गुस्साई भीड़ ने किया सड़क जाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रामगढ़ ।** पनूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ बाजार स्थित नहर के पास शुक्रवार की देर रात एलटी लाइन में प्रवाहित हो रहे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर एक युवा व्यवसायी की मौत हो गई। इससे खफा परिवारीजनों और कस्बावासियों ने शनिवार की सुबह जमकर हंगामा किया। बिजली विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए जहां उनका पुतला फूंका। वहीं रावट्सगंज व खलियारी मार्ग जाम कर, दोषियों पर कार्रवाई और पीडि़त परिवार को दस लाख मुआवजे तथा एक सदस्य को नौकरी की मांग को लेकर नारेबाजी की। वही लभग दो घंटे तक आवागमन ठप रहा। सदर विधायक भूपेश चैबे, एक्सईएन विद्युत सर्वेश सिंह, सदर एसडीएम रमेश कुमार और सीओ सदर राहुल पांडेय ने लोगों को कार्रवाई और पीडि़त परिवार को मदद दिलाने का भरोसा दिया. तब जाकर लोग किसी तरह शांत हुए। बताते हैं कि नहर के पास स्थित उपकेंद्र से जुड़ा हाइवोल्टेज तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया। इससे एलटी लाइन में हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित हो गया। इससे जहां कई लोगों के इलेक्ट्रानिक उपकरण जल गए। वहीं अपनी बर्तन दुकान से एक बर्तन लेकर घर के अंदर जा रहा रवि उर्फ विक्की मोदनवाल 25 वर्ष पुत्र सुरेंद्र, दरवाजे पर लगे लोहे के चैखट से छूने के कारण, जिसमें घटना के वक्त हाई वोल्टेज प्रवाहित हो रहा था, करंट की चपेट में आकर चिपका रह गया। यह देख परिवार के लोग सन्न रह गए। उसे छुड़ाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तत्काल क्षेत्रीय जेई और रामगढ़ उपकेंद्र पर काल की गई लेकिन किसी ने काल रिसीव नहीं की। कुछ देर बाद लाइन खुद ब खुद ट्रिप कर गई लेकिन तब तक विक्की की मौत हो गई। रामगढ़ के लोगों का आरोप है कि घटना के बाद भी क्षेत्रीय जेई एवं बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों को कई बार फोन किया गया लेकिन किसी ने न तो काल रिसीव की, न ही मौके पर बिजली विभाग का कोई कर्मी ही पहुंचा। पास-पड़ोस के लोगों ने हाई वोल्टेज करंट के प्रवाह से डरते हुए रात गुजारी। इसके बाद सुबह ही बिजली विभाग के अधिकारियों का पुतला दहन करते हुए, रामगढ़ नहर के पास राबटर्सगंज-खलियारी मार्ग जाम कर दिया। जब इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासनिक अमले को मिली तो हड़कंप मच गया। पनूगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, रायपुर थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह जहां पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। वहीं सीओ सदर राहुल पांडेय भी पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाने में जुट गए लेकिन नाराजगी जता रहे लोग डीएम को बुलाने, दोषी जेई सहित अन्य पर कार्रवाई करने तथा पीडित परिवार को दस लाख का मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। जानकारी मिलते ही सदर विधायक भूपेश चैबे, एक्सईएन सर्वेश सिंह और एसडीएम रमेश पहुंच गए और परिवारजनों तथा कस्बे के लोगों को दोषियों पर कार्रवाई तथा पीडि़त परिवार को ज्यादा से ज्यादा मदद का भरोसा देकर, किसी तरह शांत कराया। तब जाकर घण्टो बाद के करीब मुख्य मार्ग का आवागमन पूरी तरह सामान्य हो पाया। नाराजगी जता रहे लोगों का कहना था कि सिर्फ रामगढ़ नहर ही नहीं पूरे बाजार और आस-पास में जर्जर तथा लटकते तार हादसे का कारण बने हुए हैं। सबसे ज्यादा खतरा हाईवोल्टेज लाइन और एलटी लाइन के पास-पास से गुजरने वाले इलाके को है। लोगों का कहना था कि इसको लेकर रामगढ़ विद्युत उपकेंद्र के जेई, एसडीओ सहित अन्य से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। जिले पर भी जाकर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जा चुकी है। एलटी लाइन में हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित होने के कारण घरों में लगे इलेक्ट्रानिक उपकरण जलने की भी घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद जिम्मेदार चेतने का नाम क्यूं नहीं ले रहे? यह एक बड़ा सवाल है।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बूथ संख्या 48कि मन कि बात सुनी गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जोगियावीर शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 48पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात को सुना गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर ब्लाक प्रमुख राबट्र्सगंज अजीत रावत, संतोष शुक्ला, जिला मंत्री। भाजपा सोनभद्र नगर,सतोष कुमार भारती शक्ति केन्द्र संयोजक भाजपा राजेन्द्र प्रजापति बूथ अध्यक्ष दुर्गेश केडिया बूथ अध्यक्ष, बृजेश त्रिपाठी बूथ अध्यक्ष, हनुमान गुप्ता, अशोक भारती, कैलाश, मनोज, अशोक अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।



# पत्तल लदा कंटेनर ट्रक पलटा चालक गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पेट्रोल पंप के सामने आज रविवार सुबह लगभग 9 बजे अनियंत्रित कंटेनर ट्रक पलटने से चालक केबिन में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए चोपन हॉस्पिटल भेज दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक श्याम घीसिंड उम्र 33 वर्षीय पुत्र दीपक घीसिंड स्थाई निवासी चिरईगांव सिंधूरी नेपाल वर्तमान पता ओखला औद्योगिक एरिया दक्षिण दिल्ली के बिल में फस कर गंभीर रूप से घायल हो गया वही कंटेनर ट्रक रायपुर छत्तीसगढ़ से पत्तल लोड कर गोरखपुर जा रहा था कि डाला चढ़ाई स्थित पेट्रोल पंप के सामने पलटने से चालक केबिन में फस गया सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र द्विवेदी ने हाइड्रा व जेसीबी बुलाकर स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए चोपन हॉस्पिटल भेज दिया गया।



# 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनपद में मादक पदार्थ की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.08.2022 को चौकी रेनुसागर पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण 01. कमला देवी पतनी हीरालाल यादव, निवासी बीना रोड परासी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, 02. दीपक कुमार पुत्र पप्पू, निवासी ककरी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, के कब्जे से 20-20 लीटर (02 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 40 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय



पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी । **अभियुक्तगण का विवरण-** 01. कमला देवी पत्नी हीरालाल यादव, निवासी बीना रोड परासी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 02. दीपक कुमार पुत्र पप्पू, निवासी ककरी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 01. 02 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब । **पुलिस टीम का विवरण-** 01. उ0नि0 चन्द्रभान सिंह, चौकी प्रभारी रेनूसागर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 02. हे0का0 श्रवण कुमार, चौकी रेनूसागर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 03. का0 अजीत कुमार यादव, चौकी रेनूसागर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।

# विन्ध्य पण्डा समाज के पार्षदो के चुनाव हेतु

## विन्ध्य पण्डा समाज के अध्यक्ष द्वारा सौपी गयी 1053 मतदाओ की सूचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 26 अगस्त 2022-श्रीविन्ध्य पण्डा समाज के 19 सदस्यो एवं विन्ध्य विकास परिषद के 05 पार्षदो के चुनाव हेतु अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज के द्वारा पण्डा समाज के 1053 मतदाओ की सूची उपलब्ध करायी गयी। विशेष भूमि अध्याप्त अधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अपरान्ह 03 बजे तक प्राधिकरण प्राशासनिक भवन विन्ध्याचल से प्राप्त कर सकते हैं। नामाकंन की तिथि एवं स्थान प्राधिकरण प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल मीरजापुर में दिनांक 29 अगस्त 2022 व 30 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा। नामाकंन पत्रों की जॉच/विधिमान्य उम्मीदवारो की सूची मीरजापुर में होगा। मतदान की तिथि के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 03 सितम्बर 2022 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक प्राधिकरण प्राशासनिक भवन विन्ध्याचल मीरजापुर में होगा। मतगणना दिनांक 03 सितम्बर 2022 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे मतदान समाप्त




विन्ध्य पण्डा समाज/विन्ध्य विकास परिषद विन्ध्याचल भरत लाल सरोज ने मतदाताओ की उलब्ध करायी अन्तिम सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न कराने हेतु तिथि निर्धारित किया गया हैं। उन्होने चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि नामाकंन पत्रो की बिक्री दिनांक 29 अगस्त 2022 व 30 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से का प्रकाशन दिनांक 30 अगस्त 2022 को नामाकंन के पश्चात कार्य समाप्ति तक प्राधिकरण प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल मीरजापुर में सम्पन्न होगा। नाम वापसी/निर्वाचन लड़ने वाले विधिमान्य उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन दिनांक 31 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक प्राधिकरण प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल होने के पश्चात मतगणना की समाप्ति तक प्राधिकरण प्राशासनिक भवन विन्ध्याचल मीरजापुर में होगा। उन्होने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2022 व 30 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक रूपया 100/- (एक सौ मात्र) अदा कर नामाकंन पत्र प्राप्त करते हुये प्राधिकरण प्राशासनिक भवन विन्ध्याचल (मेला कार्यालय) मीरजापुर में नामाकंन कर सकते हैं।

# ६० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में मादक पदार्थों/अवैध कच्ची शराब की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण 01. श्याम कार्तिक पुत्र स्व0 भोलाराम निवासी डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, 02. नरेन्द्र कुमार चौबे पुत्र सतनारायण चौबे निवासी ेंघ् कॉलोनी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, 03. राजेन्द्र प्रसाद चौधरी पुत्र मोहनलाल, निवासी डोटी, थाना विन्ध्यनगर, जनपद सिंगरौली, मध्य प्रदेश के कब्जे से 20-20 लीटर (03 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 60 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग



पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी । **अभियुक्तगण का विवरण-** 01. श्याम कार्तिक पुत्र स्व0 भोलाराम निवासी डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 02. नरेन्द्र कुमार चौबे पुत्र सतनारायण चौबे निवासी डब्लू आई कॉलोनी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 03. राजेन्द्र प्रसाद चौधरी पुत्र मोहनलाल, निवासी डोटी, थाना विन्ध्यनगर, जनपद सिंगरौली, मध्य प्रदेश । **बरामदगी का विवरण-** 01. तीन नफर अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 60 लीटर अवैध महुए की शराब । **पुलिस टीम का विवरण-** 01. उ0नि0 संजय सिंह, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 02. हे0का0 पंकज पाठक, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 03. का0 अमित कुमार सोनक?, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 04. का0 अजय कुमार वर्मा, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।

# घायल अवस्था में मिला युवक इलाज के दौरान हुआ मौत शिनाख्त में जुटी पुलिस हुई शिनाख्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाड़ी खन्न कैम्प के सामने आज शुक्रवार लगभग सुबह 5 बजे के करीब किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से लगभग 35 वर्षीय युवक घायल हो गया वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दे दिया सूचना पाकर मौके पहुंची एंबुलेंस में घायल युवक को चोपन सीएचसी में भर्ती कराया । घायल युवक के सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि घायल का इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी हैं। जिसकी पहचान नही हो सकी। पहचान के लिए शव को कब्जे में रक्खा गया है। जहां मृतक के परिजनों ने पहचान कि मृतक का नाम राधेश्याम पुत्र मोतीराम निवासी परसा कुतुब थाना सोनहा जनपद बस्ती है।



# तीन वर्ष पहले दहेज के लिए पत्नी कि हत्या करने वाले पति को दश वर्ष कि क़ैद कि सजा मिली

## दहेज हत्याः दोषी पति समेत चार को 10-10 वर्ष की कैद


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े छह वर्ष पूर्व हुई सावित्री हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति समेत चार लोगों को 10-10 वर्ष की कैद व 26-26 हजार

**26-26 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी तीन आरोपी दोषमुक्त सावित्री हत्याकांड का मामला**

रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबट्र्सगंज कोतवाली में 3 नवंबर 2015 को दी तहरीर में घोरावल कोतवाली क्षेत्र के बरसोता गांव निवासी कन्हैया सिंह पुत्र शंभू सिंह ने अवगत कराया था कि उसकी बेटी सावित्री की शादी 3 वर्ष पूर्व राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी विजेंद्र मौर्या पुत्र बच्चालाल मौर्य के साथ हुआ था। जब बेटी विदा होकर अपनी ससुराल गई तो वहां पर 3-4 दिन रही। दहेज में सोने की सिकड़ी, अंगूठी व 5 हजार रुपये नकद की मांग को लेकर उसका पति विजेंद्र मौर्या, ससुर बच्चेलाल मौर्या, सास निर्मला देवी, जेठ छविनाथ मौर्या आदि लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। जब बेटी मायके आयी तो सारी बात बतायी। इसकी जानकारी होने पर बेटी की ससुराल जाकर लोगों को काफी समझाया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। बेटी को डेढ़ वर्ष का बेटा भी पैदा हुआ है। दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो 22 अक्तूबर 2015 को बेटी को सभीलोगों ने जला दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस तहरीर पर राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या में एफआईआर दर्ज कर लिया और पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विजेंद्र मौर्या, ससुर बच्चेलाल मौर्या, सास निर्मला देवी व जेठ छविंदर मौर्या को 10-10 वर्ष की कैद व 26-26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# भारत-पाक मैच की दोनों पारियों के डेथ ओवरों में क्यों बदली थी फील्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्या है आईसीसी का नया नियम भारत पाकिस्तान के मैच में दोनों पारियों के आखिरी दो ओवरों में सिर्फ चार फील्डर ही 30 गज के दायरे के बाहर थे। पहले रोहित और फिर बाबर आजम दोनों कप्तान एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के घेरे के अंदर रखने पर मजबूर थे। इसकी वजह आईसीसी का नया नियम है। एशिया कप में टीम इंडिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ था और भारत ने यह मैच पांच विकेट से जीतकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। इस मैच की दोनों पारियों में आखिरी के ओवरों में सिर्फ चार फील्डर 30 गज के दायरे के बाहर थे। पहली पारी में आखिरी दो ओवर में रोहित को मजबूरन पांच फील्डर 30 गज के दायरे के अंदर रखने पड़े थे। इसके बाद दूसरी पारी में बाबर आजम को आखिरी तीन ओवरों में पांच फील्डर घेरे के अंदर रखने पड़े। टी20 में फील्डिंग के नियमों के अनुसार पावरप्ले के बाद पांच फील्डर बाउंड्री लाइन के पास रखने की अनुमति होती है, लेकिन इस मैच में ऐसा नहीं हुआ।



इसकी वजह आईसीसी का नया नियम है। क्या है आईसीसी का नया नियम आईसीसी क्रिकेट कमेटी ने पिछले साल सुझाव दिया था कि अगर कोई टीम तय समय पर 20 ओवर नहीं कर पाती है तो अतिरिक्त समय में किए जाने वाले ओवरों में उसे सिर्फ चार फील्डर बाउंड्री लाइन के पास रखने की अनुमति होगी। ऐसा मैच की गति और रोमांच को बनाए रखने के लिए किया गया है। नए नियम के अनुसार गेंदबाजी करने वाली टीम को अपना आखिरी ओवर 85वें मिनट में शुरू करना होता है। अगर कोई टीम ऐसा नहीं कर पाती तो 85वें मिनट के बाद उसे एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के दायरे के अंदर बुलाना होता है और बाउंड्री लाइन पर सिर्फ चार फील्डर ही रह जाते हैं। बाउंड्री लाइन में कम फील्डर होने से बल्लेबाजों को फायदा मिलता है। भारत और पाकिस्तान के मैच में भी ऐसा देखने को मिला। पाकिस्तान के पुछल्ले बल्लेबाजों ने आखिरी 11 गेंदों में 23 रन बना लिए। वहीं, भारत के लिए हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने 16 गेंदों में 32 रन बनाकर मैच जीत लिया। टी20 विश्व कप में भी लागू होगा नियम यह नियम पहली बार वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच हुए मैच में लागू हुआ था। इसके बाद से सभी मैचों में यह नियम लागू है। इसी साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भी यह नियम जारी रहेगा। अब जो भी टीम 85 मिनट के अंदर अपना 20वां ओवर शुरू नहीं करेगी, बाकी बचे ओवरों में बाउंड्री लाइन के पास सिर्फ चार फील्डर रखने की अनुमति होगी। अगर कोई टीम 85 मिनट में 17 ओवर ही कर पाती है तो उसे बाकी तीन ओवर में एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के अंदर रखना होगा, जैसा पाकिस्तान के साथ हुआ।

# उत्तराखंड से खेलेंगे मुंबई के पूर्व कप्तान आदित्य तारे और जीवनजोत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्वपिन्ल तीसरे खिलाड़ीउत्तराखंड ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उत्तराखंड क्रिकेट संघ (सीएयू) ने आगामी सकती है। वर्मा ने कहा, 'तारे टीम में काफी अनुभव लेकर आएंगे। हमने जीवनजोत को भी अनुबंधित किया है जबकि स्वपिन्ल को बरकरार रखा गया है। मनीष झा मुख्य कोच बने रहेंगे।उत्तराखंड ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां



घरेलू सत्र के लिए मुंबई के पूर्व कप्तान आदित्य तारे और जीवनजोत को राज्य से बाहर के खिलाड.ियों के रूप में अनुबंधित किया है। सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने बताया कि स्वपिन्ल सिंह को दूसरे राज्य के खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा गया है। एक टीम राज्य के बाहर से अधिकतम तीन खिलाड.ियों को अनुबंधित कर उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब के लिए अपना ज्यादातर क्रिकेट खेलने वाले जीवनजोत 2021 सत्र में छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा थे। उत्तराखंड में पिछले सत्र में जय बिस्टा और रॉबिन बिष्ट राज्य से बाहर के खिलाड़ी थे।

# भाई तेरा छक्का नहीं भूलेगा 'मारो मुझे मारो' वाले शख्स ने हार्दिक से कही यह बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोहली से भी मिलेभारत बनाम पाकिस्तान मैच को देखने के लिए पाकिस्तान के सोशल मीडिया स्टार मोमिन साकिब भी पहुंचे थे। उन्होंने मुकाबले के बाद हार्दिक पांड्या और विराट कोहली से मुलाकात की। भारत ने एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान






को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या। हार्दिक ने तीन विकेट लेने के साथ-साथ 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस मैच को देखने के लिए पाकिस्तान के सोशल मीडिया स्टार मोमिन साकिब भी पहुंचे थे। उन्होंने मुकाबले के बाद हार्दिक पांड्या और विराट कोहली से मुलाकात की। मोमिन ने इन दोनों से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। कोहली से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए मोमिन ने लिखा- एक महान खिलाड़ी और एक शानदार व्यक्तित्व। इकलौते विराट कोहली। उन्हें फॉर्म में वापसी करता देखकर अच्छा लगा! उन्होंने क्या खेल दिखाया है! मैं उम्मीद करता हूं हम फाइनल में मिलेंगे! वीडियो में मोमिन जब विराट से मिलते हैं तो कहते हैं- जीत के लिए बधाई। आज का दिन काफी दुख भरा था हमारे लिए, लेकिन उम्मीद है कि हम फिर से फाइनल में मिलेंगे। इस पर कोहली मुस्कुरा देते हैं। दोनों आखिर में गले भी मिलते हैं।इसके बाद मोमिन प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या से भी मिले। इसके कैप्शन में मोमिन ने लिखा- कांटे की टक्कर। युवा और नए खिलाड़ी होने के बावजूद पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। आपने अच्छी बल्लेबाजी की और मैच को हमसे दूर ले गए हार्दिक पांड्या। भाई तेरा छक्का नहीं भूलेगा! वीडियो में मोमिन हार्दिक से यह कहते हुए सुनाई देते हैं- बधाई हो! आईपीएल में जीत के बाद क्या वापसी की है। आपने आज शानदार खेल दिखाया। उम्मीद करता हूं हम फाइनल में मिलेंगे। इस पर हार्दिक कहते हैं बिल्कुल-बिल्कुल। दरअसल, मोमिन भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए 2019 वनडे वर्ल्ड कप मैच के बाद सोशल मीडिया पर मशहूर हुए थे। वहीं, एशिया कप 2022 की बात करें तो अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट लिए। भारतीय टीम अब अपने अगले मैच में 31 अगस्त को हॉन्गकॉन्ग से भिड़ेगी।

# पाकिस्तान की हार और भारत की जीत पर खुश हुए अफगानिस्तान का यह फैन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चूम लिया टीवीइस मैच को सिर्फ भारतीय फैन्स ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के फैन्स देख रहे थे। भारत की जीत के बाद दुनियाभर में फैन्स ने जशन मनाया। कुछ ने पटाखे फोड़े और कई लोगों ने नाच-गाना किया। इसी कड़ी में अफगानिस्तान का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारत



ने रविवार को एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच को लेकर फैन्स काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दोनों टीमें पिछले साल हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद पहली बार आमने-सामने थीं। हालांकि, इस बार भारत पाकिस्तान पर भारी साबित हुआ और टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला भी ले लिया। इस मैच को सिर्फ भारतीय फैन्स ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के फैन्स देख रहे थे। भारत की जीत के बाद दुनियाभर में फैन्स ने जशन मनाया। कुछ ने पटाखे फोड़े और कई लोगों ने नाच-गाना किया। इसी कड़ी में एक वीडियो खूब वायरल रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अफगानिस्तान का है। इस वीडियो में हार्दिक पांड्या के विनिंग सिक्स लगाने के बाद एक अफगानी फैन इतना खुश हो गया कि उसने टीवी को जाकर चूम लिया। इस पर वहां मौजूद बाकी लोग हंसने लगे। यूसुफजई अनायत नाम के एक शख्स ने इस वीडियो को शेयर किया है। उसने लिखा- हम अफगानिस्तान के लोग भी अपने दोस्त भारत की जीत पर जशन मना रहे हैं। सभी भारतीय और अफगान फैन्स को बधाई। मैच रिपोर्ट मुकाबले की बात करें तो एशिया कप 2022 के अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया। हार्दिक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 रन, रवींद्र जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रन और हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली।

# बल्लेबाजी में धोनी वाली समझ और गेंदबाजी में नियंत्रण लाजवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कोई फुलटॉस या यॉर्कर गेंद नहीं की। उन्होंने पिच के हिसाब से छोटी गेंदों पर जोर दिया और विकेट निकाले। उनकी रफ्तार 140 किमी के करीब रही और इकोनॉमी रेट 6.25 का रहा। हार्दिक पांड्या का यह 2.0 अवतार है। रविवार को हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन कर भारत को पाकिस्तान पर 5 विकेट से जीत दिलाई। हार्दिक की गेंदबाजी में गेंदबाज नहीं हैं। इस साल फरवरी तक हार्दिक की गेंदबाजी पर रहस्य का साया बना रहा। पिछले वर्ष टी-20 विश्व कप में हार्दिक भारतीय एकादश में बतौर बल्लेबाज ही खेले थे। उनकी गेंदबाजी अक्तूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर भारतीय टीम के लिए बोनस बन गई है। बल्लेबाजी में दिखी गुरु धोनी की झलक अंतिम ओवर में छक्के से जीत दिलाने हार्दिक में अपने मेंटर और विश्व के श्रेष्ठ मैच फिनिशर रहे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह प्रदर्शन ने दिखाया है कि शीर्ष क्रम के असफल होने पर मध्यक्रम टीम को जीत दिलाने में सक्षम है। हार्दिक ने कहा, मैं और जड्डू (जडेजा) सात-आठ वर्षों से साथ में खेल रहे हैं। भारतीय टीम को हमेशा शीर्ष तीन बल्लेबाजों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, हमें बहुत अच्छा लगा कि मौका मिलने पर हम अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे।इस वर्ष का आईपीएल भी हार्दिक के कॅरिअर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। उन्होंने आईपीएल में बल्लेबाजी,



पैनापन आया है। शॉर्टपिच गेंदबाजी को उन्होंने नया हथियार बनाया है। पाकिस्तान के खिलाफ हार्दिक की सारी गेंदें शॉर्ट या गुड लेंथ से थोड़ी शॉर्ट थीं। उन्होंने एक बार भी फुलटॉस, यॉर्कर या फुल लेंथ गेंद नहीं डाली। उनके तीनों विकेट शॉर्टपिच गेंद पर आए और औसतन गति 140 किमी प्रति घंटे से अधिक थी। दरअसल पांड्या अब पहले की तरह पार्टटाइम मध्यम तेज धोनी की झलक दिखती है। रोबिन उथप्पा ने भी हार्दिक की तुलना धोनी से की है। चार वर्ष पहले उन्हें भारत का दूसरा कपिल देव बताया जा रहा था। हालांकि हार्दिक के खेल की अपनी शैली है। उन्होंने 19वें ओवर में हैरिस रउफ की गेंदों पर तीन चौके लगाकर दबाव को कम किया। अंतिम ओवर में दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। मध्यक्रम हुआ मजबूत : हार्दिक और जडेजा के गेंदबाजी के साथ ही अपनी कप्तानी में नई टीम गुजरात टाइटंस को चैंपियन बना दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल जुलाई में टी-20 सीरीज जिताने में हार्दिक की सबसे अहम भूमिका रही। उन्होंने पहले टी-20 मैच में 33 गेंदों 51 रन की पारी भी खेली और चार विकेट भी लिए। इसके अलावा तीसरे वनडे में हार्दिक ने चार विकेट लेने के साथ ही नाबाद 71 रन की पारी खेली थी। वनडे में वह मैन ऑफ द सीरीज बने थे। चार साल पहले स्ट्रेचर पर गए थे पांड्या, उसी मैदान पर मचाया धमाल दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चार वर्ष पहले 19 सितंबर 2018 की तारीख। सामने वाली टीम भी पाकिस्तान और टूर्नामेंट था एशिया कप का एकदिवसीय प्रारूप। उस दिन हार्दिक के साथ जो हुआ, उससे लगा था कि यह उनके कॅरिअर का अंतिम मैच हो सकता है। पाकिस्तानी पारी के 18वें ओवर में हार्दिक की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। वह पैरों पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाया गया। तब तक हार्दिक ने 4.5 ओवर में 24 रन दिए थे और कोई विकेट नहीं मिला था। अब एशिया कप में ही हार्दिक ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने कॅरिअर की श्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ ही 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन की पारी खेली और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। वापसी का श्रेय पूर्व फिजियो को मैच जीतने के बाद बीसीसीआई की ओर से पोस्ट किए वीडियो में हार्दिक चार वर्ष पहले मिले दर्द का याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा, मुझे वे सभी बातें याद आ रही थीं, जब मुझे स्ट्रेचर पर ड्रेसिंग रूम ले जाया गया था। ऐसी परिस्थितियों से गुजरने और आज मौका मिलने पर आपको यह उपलब्धि जैसी लगती है। हार्दिक ने अपनी सफल वापसी का श्रेय भारतीय टीम के पूर्व फिजियो और वर्तमान में बीसीसीआई खेल विज्ञान के प्रमुख नितिन पटेल और मौजूदा अनुकूलन कोच सोहम देसाई को दिया।

# दुबई के इस होटल में ठहरी है टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक दिन का किराया जानकर हो जाएंगे हैरानभारत ने पाकिस्तान को एशिया कप में हराकर शानदार शुरुआत की है। उसने इस मुकाबले को पांच विकेट से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने 10 महीने पहले मिली हार का बदला लिया। पाकिस्तान ने उसे पिछले साल दुबई में ही टी20 वर्ल्ड कप में हराया था। भारतीय टीम एक फ्लोर पर टीम इंडिया के ठहरने का इंतजाम किया गया है। इस होटल के किसी भी खिलाड़ी से दुबई के शानदार नजारे को देखा जा सकता है। होटल के अंदर एक शॉपिंग सेंटर, काफी बड़ा स्वीमिंग पूल, 3डी और 4डी थिएटर भी है। यहां ठहरने के लिए एक दिन का किराया करीब 30 से 40 हजार है। यह सिर्फ एक आदमी का किराया है। खिलाड.ियों और



ने इस हार का बदला लेने के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। टीम 22 अगस्त को ही दुबई पहुंच गई थी। बीसीसीआई ने खिलाड.ियों के ठहरने के लिए सबसे अच्छी व्यवस्था की। बीसीसीआई ने टीम को दुबई के महंगे होटलों में से एक में ठहराया है। टीम इंडिया मशहूर 'पाम जुमेरा' होटल में रुकी है। आईपीएल के दौरान चेनन्ई सुपरकिंग्स की टीम भी इसी होटल में ठहरी थी। यह होटल दुनिया के बेहतरीन और आलीशान होटलों में से एक है। इसके एक दिन की कीमत जानकर आप हैरान हो जाएंगे। पाम जुमेरा' होटल के सपोर्ट स्टाफ को जोड़कर करीब 30 लोग यहां रुके हुए हैं। इस तरह बीसीसीआई को एक दिन के लिए करीब नौ से 10 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यहां सर्विस और खाने-पीने का खर्च अलग से देना होता है। भारत-पाकिस्तान मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में 147 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 43 रन की पारी खेली। भुवनेश्वर कुमार ने चार और हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने कड़े मुकाबले को 19.4 ओवर में पांच विकेट से जीत लिया।

# राशिफल

**मेष-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-:** आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-:** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-:** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-:** आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-:** नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-:** यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-:** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-:** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-:** आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-:** आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-:** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# पाकिस्तान से मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने दिखाई दरियादिली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हारिस रउफ की मुराद पूरी कीमैच के दौरान और उसके बाद भी भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली छाए रहे। उन्होंने कई लोगों की इच्छा पूरी की। इस जीत में विराट कोहली ने अहम योगदान दिया। उन्होंने 34 गेंद पर 35 रन बनाकर टीम की पारी को संभाला। भारत ने पाकिस्तान को एशिया कप में हराकर शानदार शुरुआत की है। उसने इस मुकाबले को पांच विकेट से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने 10 महीने पहले मिली हार का बदला लिया। पाकिस्तान ने उसे पिछले साल दुबई में ही टी20 वर्ल्ड कप में हराया था। मैच के दौरान और उसके बाद भी भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली छाए रहे। उन्होंने कई लोगों की इच्छा पूरी की। कोहली ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ की मुराद पूरी की। हारिस ने कोहली से उनकी जर्सी मांगी और उस पर ऑटोग्राफ देने के लिए कहा। विराट ने उनकी इच्छा पूरी करते हुए ऐसा किया। इसका वीडियो बीसीसीआई ने ट्विटर पर शेयर किया है। इसे क्रिकेट फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।कोहली ने इस मैच को देखने के लिए आए पाकिस्तान के सोशल मीडिया स्टार मोमिन साकिब से भी मुलाकात की। मोमिन ने इन दोनों से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। दरअसल, मोमिन भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए 2019 वनडे वर्ल्ड कप मैच के बाद सोशल



मीडिया पर मशहूर हुए थे। पाकिस्तान के हारने के बाद जब मीडिया फैंस से रिएक्शन ले रही थी तब मोमिन ने कहा था- 'ओह भाई! मारो मुझे मारो।' उनके इस लाइन को सोशल मीडिया पर लोगों ने मीम के रूप में जमकर इस्तेमाल किया। कोहली से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए मोमिन ने लिखा- एक महान खिलाड़ी और एक शानदार व्यक्तित्व। इकलौते विराट कोहली। उन्हें फॉर्म में वापसी करता देखकर अच्छा लगा! उन्होंने क्या खेल दिखाया है! मैं उम्मीद करता हूं हम फाइनल में मिलेंगे! वीडियो में मोमिन जब विराट से मिलते हैं तो कहते हैं- जीत के लिए बधाई। आज का दिन काफी दुख भरा था हमारे लिए, लेकिन उम्मीद है कि हम फिर से फाइनल में मिलेंगे। इस पर कोहली मुस्कुरा देते हैं। दोनों आखिर में गले भी मिलते हैं। इस जीत में विराट कोहली ने अहम योगदान दिया। उन्होंने 34 गेंद पर 35 रन बनाकर टीम की पारी को संभाला। भारतीय टीम एक समय केएल राहुल का विकेट गंवाने के बाद जूझ रही थी। विराट ने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला।

## सम्पादकीय

# न्यायिक सुधारों का रोडमैप: अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित

देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं। गरीबी, भूख, असमानता और अर्थव्यवस्था में कमजोरी के लिए परंपरागत तौर पर नेताओं और अधिकारियों को कोसने का रिवाज है। पर प्रधानमंत्री, कानूनमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के बयानों के निहितार्थ को संजीदगी से समझा जाए, तो इसके लिए न्यायपालिका भी जिम्मेदार है। व्हाट्सऐप से फटाफट मैसेज, ऑनलाइन डिलीवरी और बैंकिंग के चुस्त सिस्टम के दौर में भी भारत की अदालतों में दामिनी फिल्म के तारीख पे तारीख का डायलॉग गूंज रहा है। देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं। वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के अनुसार, निचली अदालतों में मुकदमेबाजी से प्रति व्यक्ति औसतन 1,300 रुपये प्रतिदिन का नुकसान होता है। समस्या का सरलीकरण करते हुए कानूनमंत्री किरण रिजिजू ने इसे जागरूक समाज की निशानी बताते हुए कहा है कि जज 50 मामले निपटाते हैं, तो 100 और मुकदमे आ जाते हैं। लेकिन नए मुकदमों पर ताबड़तोड़ सुनवाई और पुराने मामलों पर तारीख बढ़ना जागरूक समाज के बजाय न्यायिक व्यवस्था के पराभव की निशानी है। इसीलिए 139 देशों की रूल ऑफ लॉ के वैश्विक इंडेक्स में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से भारत 79वें पायदान पर है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 2.5 फीसदी मुकदमे लिए जाते हैं। लेकिन पीआईएल, मुकदमों और अपीलों में जजों द्वारा रूटीन नोटिस जारी करने के फैशन से समाज में मुकदमेबाजों का बड़ा वर्ग तैयार हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय के जज संजय किशन कौल के अनुसार, हर मुकदमे में अपील के उदार सिस्टम से मुकदमेबाजी को इसी तरीके से बढ़ावा देना जारी रहा, तो लंबित मामलों का अगले 500 वर्षों में भी निपटारा मुश्किल है। करोड़ों परिवारों, समाज और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस नासूर के सही इलाज के लिए जजों की संख्या बढ़ाने के सरल नुस्खे के बजाय मर्ज की तह तक जाना जरूरी है। पहली बात यह कि संपन्न लोगों के मामलों के जल्द निपटारे के लिए कॉमशिर्यल, इनसॉल्वेंसी और मध्यस्थता कानून के तहत विशेष कानून बन गए हैं। लेकिन आम जनता से जुड़े दीवानी, राजस्व और फौजदारी मामलों में मुकदमों के निपटारे के बजाय फाइलों की मोटाई बढ़ाने और तारीख देने पर ज्यादा जोर रहता है। संविधान के तहत जल्द और सुलभ न्याय मिलने के हक को सुनिश्चित करने के लिए कोरे आश्वासन के बजाय संसद से नए कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विधि आयोग ने वर्ष 1987 में 120वीं रिपोर्ट में कहा था कि देश में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 जज होने चाहिए। उसके बाद से न्यायिक व्यवस्था के हर मर्ज के लिए जजों की कमी की दुहाई दी जाती है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 1950 के कुल सात जजों की तुलना में अब 34 जज हो गए। इसके बावजूद फैसलों की दर का 43 फीसदी से घटकर 25 प्रतिशत होना चिंताजनक है। कॉलेजियम सिस्टम के तहत उच्च न्यायालय में सैकड़ों जजों की भर्ती पिछले एक साल में हो गई, लेकिन निचली अदालतों में जजों के 5,343 पद खाली हैं। इसलिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ जिला अदालतों में जजों के रिक्त पदों पर भर्ती करने और बुनियादी व्यवस्था ठीक करने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे। तीसरी बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंबित मामलों के जल्द निपटारे के साथ 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों की रिहाई की बात कही है। लंबित मुकदमों में 70 फीसदी से ज्यादा मामले फौजदारी से जुड़े हैं। थानों में गलत एफआईआर दर्ज करने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती। संविधान और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसार, बेल (जमानत) नियम है और जेल अपवाद। ट्रायल कोर्ट और जिला अदालतों के मजिस्ट्रेट रसूखदारों को बेल और गरीबों को जेल भेजने का रूटीन आदेश दे देते हैं।

# बाधाएं हो रहीं दूर, प्रोत्साहन से दिखेगा परिवर्तन

सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। खिलौना मेलों के आयोजन से इस उद्योग को भारी प्रोत्साहन मिला है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय की स्फूर्ति स्कीम के तहत देश में 19 टॉय क्लस्टर को मंजूरी दी गई है, जिनमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म स्तर के खिलौना निर्माता काम कर रहे हैं। देश में खिलौना उद्योग का परिदृश्य अनुकूल दिखाई दे रहा है। पिछले चार साल में खिलौनों का आयात जहां लगातार घटा है, वहीं खिलौनों का निर्यात बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में 91वें 'मन की बात' कार्यक्रम में यह बात रेखांकित की है कि पिछले तीन-चार साल में खिलौना उद्योग का रणनीतिक विकास कर अपना देश वैश्विक बाजार की जरूरतें पूरी करने में अहम भूमिका निभा रहा है। तीन-चार साल पहले तक भारत में बिकने वाले 85 प्रतिशत खिलौने आयात किए जाते थे, पर अब अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पश्चिम एशिया, इंडोनेशिया, मंगोलिया, केन्या, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया आदि को भारत से खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। आज भारतीय खिलौना निर्माता ग्लोबल टॉय ब्रांड के प्रमुख निर्माता के रूप में दुनिया भर में चिह्नित किए जा रहे हैं और वे हसब्रो, हैमलेज, स्पीन मास्टर, ड्रैगन, शिफू, हार्नबाइ, एमजीए, आइएमसी और गोल्डन बियर जैसे वैश्विक ब्रांड के लिए खिलौने तैयार कर रहे हैं। कोरोना की चुनौतियों के बीच सरकार वोकल फॉर लोकल व आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत खिलौना उद्योग को अधिकतम प्रोत्साहन देने तथा खिलौना बाजार से चीन के खिलौनों को हटाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ी है। इसमें गुणवत्तापूर्ण खिलौनों के उत्पादन पर ध्यान दिया गया है। वर्ष 2019 में सर्वे में पाया गया कि भारतीय बाजार में उपलब्ध अधिकांश खिलौने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के मानकों को पूरा नहीं करते। तब यह भी पाया गया कि देश में घटिया स्तर के और खतरनाक खिलौनों का आयात हो रहा है। ऐसे में, दिसंबर, 2019 में विदेश व्यापार महानिदेशालय ने आयातित खिलौनों की सैंपल जांच अनिवार्य कर दी। वर्ष 2020 में खिलौना गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किया गया। नतीजतन अब अधिकांश खिलौने गुणवत्ता के मापदंड पूरे करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ वर्ष पहले तक बाजार में उपलब्ध अधिकांश ऑनलाइन और डिजिटल गेम भारतीय अवधारणाओं पर आधारित नहीं थे और कई गेम हिंसा और मानसिक तनाव को भी बढ़ावा दे रहे थे।



# बारिश और सूखा: अनमोल पानी का अवमूल्यन

नए आंकड़ों से पता चलता है कि 39 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जो बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। अति निर्धन लोगों के जीवन, जीविका और कल्याण पर बाढ़ का सबसे बुरा असर पड़ता है। हमारे समाज का स्वरूप शुरुआती दिनों से ही बारिश, नदियां, तटों और समुद्रों द्वारा निर्धारित किया गया है। शास्त्रीय पुरातनता से लेकर अब्राहमिक धर्मों (इस्लाम, ईसाइयत और यहूदी) और फिर प्राचीन मेसोपोटामिया तक की कहानियां बताती हैं कि कैसे पानी ने इतिहास को बदला। भारत में मानसून जून से सितंबर के बीच 80 फीसदी बारिश लाता है, जो बचपन से लेकर संस्कृति और वाणिज्य तक को आकार देता है। बारिश के स्तर में विविधता कोई नई बात नहीं है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप इसकी तीव्रता नई है। जलवायु परिवर्तन को पानी के माध्यम से सबसे अधिक गहराई से महसूस किया जाता है। उच्च तापमान के कारण सूखा, बाढ़ और बढ़ती वर्षा परिवर्तनशीलता होती है। ग्लोबल वार्मिंग में जरा-सी भी वृद्धि होने से पानी संबंधी जोखिम के तेज होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए पानी की बहुलता और संकट से जुड़ी चिंताएं नीतिगत चर्चा के केंद्र में हैं। वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि मानसून में परिवर्तनशीलता में बदलाव जारी है और आगे भी रहेगा। भारत पहले से ही बारिश के दिनों में छोटे-छोटे अंतराल और कभी-कभी एक महीने के अंतराल पर लंबे सूखे का सामना करता रहा है। इसी वर्ष जून में असम सूखे से जूझ रहा था, लेकिन सप्ताह भर के भीतर ही वहां विनाशकारी बाढ़ आ गई। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन के साथ इस तरह के भयंकर जोखिमों की आशंका और अधिक होगी। पानी की बढ़ती परिवर्तनशीलता (अतिवृष्टि या अनावृष्टि) समुदायों पर भारी पड़ सकती है। अतिवृष्टि के कारण महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों, घरों को नुकसान पहुंचता है और पानी के किनारे रहने वाले लाखों लोगों की आजीविका बाधित होती है। नए आंकड़ों से पता चलता है कि 39 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जो बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। अति निर्धन लोगों के जीवन, जीविका और कल्याण पर बाढ़ का सबसे बुरा असर पड़ता है। पर धीमी गति से चलने वाला सूखा धीमी गति के दुख की तरह है, जो कंपनियों और शहर की उत्पादकता को बाधित कर सकता है, वनों के विनाश को बढ़ा सकता है और लोगों के स्वास्थ्य एवं कृषि प्रणालियों को नुकसान पहुंचा सकता है। अधिकांश देशों ने अपनी जलवायु परिवर्तन योजनाओं में अनुकूलन के लिए पानी को प्राथमिकता दी है। आईपीसीसी की ताजा रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि इन जलवायु परिवर्तन अनुकूलन रणनीतियों में से अधिकांश कृषि क्षेत्र को लक्षित करते हैं। इन सर्वव्यापी अनुकूलन रणनीतियों में से एक सिंचाई, रणनीतिक भंडार और फसलों पर पानी का अनुप्रयोग है। ये प्रयास फसलों को वर्षा की बढ़ती परिवर्तनशीलता और बढ़ी हुई गर्मी की कुछ कठिनाइयों और अनिश्चितताओं से बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत में इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण भूजल सिंचाई है, जिसमें 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेशक इससे खेतों को भारी लाभ हुआ है। लेकिन किस हद तक और कब तव हमने गेहूं के मामले में इसकी जांच की, जो कि अनुमानतः देश में सिंचाई की बढ़ती मांग का मुख्य कारण है। परिणाम बताते हैं कि भारत में गेहूं के पैदावार में वृद्धि के लिए सिंचाई में वृद्धि महत्वपूर्ण रही है। सिंचाई ने सूखे के प्रभाव को कम कर दिया है। हालांकि इसको लेकर संदेह है कि यह लाभ भविष्य में भी जारी रहेगा। हाल के वर्षों में सिंचाई के विस्तार से उपज लाभ धीमा हो गया है, जबकि बढ़ते तापमान और सूखे के नकारात्मक परिणाम बढ़ते जा रहे हैं। यह बताता है कि अतीत में काम करने वाली रणनीतियां भविष्य में काम नहीं कर सकतीं। इसका एक कारण यह है कि अतीत के लाभ भूजल स्रोतों पर बढ़ते दबाव की कीमत पर आए हैं। नतीजतन भूजल का व्यापक दोहन हुआ है और भूजल स्तर में गिरावट आई है। भूजल की कमी से देश में फसलों का उत्पादन काफी घट सकता है, जिससे लोगों की खाद्य सुरक्षा, आजीविका और कल्याण प्रभावित हो सकते हैं। भूजल स्तर के घटने का एक अर्थ सूखे के मौसम में नदियों का सूखना भी है, जब पानी की सर्वाधिक जरूरत होती है। विडंबना देखिए कि जिस संसाधन ने अतीत में जलवायु परिवर्तनशीलता को कम किया है, वह ऐसी स्थितियां भी पैदा कर सकता है, जो भविष्य में प्रतिकूलताओं को और बढ़ाए। कुछ शुष्क क्षेत्रों में मुफ्त या कम लागत में पानी की आपूर्ति पानी की बहुतायत का भ्रम पैदा करती है, जिसके चलते ज्यादा पानी की खपत वाली फसलों की खेती बढ़ती है। जल निवेश भी अनजाने में असमानताओं को बढ़ा सकता है। महाराष्ट्र में सूखा प्रभावित क्षेत्रों में वर्ष 2015 से बड़े पैमाने पर कृत्रिम तालाब बनाए गए, जिसका उद्देश्य वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर छोटे खेतों में कृषि को प्रोत्साहित करना था, लेकिन प्राथमिक शोध बताते हैं कि किसानों को भूजल दोहन कर तालाबों को भरने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे किसानों के बीच भूजल दोहन की प्रतिस्पर्धा बढ़ी। स्थानीय कृषि पारिस्थितिकी से निकटता से जुड़ी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना ही विवेकपूर्ण रणनीति है, न कि उन फसलों को सब्सिडी देना, जो जलवायु संकट के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाती है। इसके अलावा, प्रतिरोधी समुदायों के लिए पूरक समाधानों में निवेश करना- जैसे, वाटरशेड और जंगलों की रक्षा करना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील भूमि प्रबंधन प्रथाओं का उपयोग करना-जल प्रवाह को बढ़ा सकता है और फसल उत्पादकता व आय में वृद्धि कर सकता है। हालांकि बदलाव अक्सर मुश्किल होता है। पानी के सफलता प्रबंधन के लिए नीति और अभ्यास में तालमेल की जरूरत होती है, जो तीन प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं- दक्षता, समानता और स्थिरता-को संतुलित करते हुए उपयोग की इस पूरी श्रृंखला में पानी के मूल्य को पहचानती है। यही वह चुनौती है, जो वर्तमान जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रभावित करती है। जलशक्ति मंत्रालय द्वारा स्थापित स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा तैयार नई राष्ट्रीय जल नीति इन कमियों को पहचानती है और जल संसाधनों के प्रबंधन और संचालन के लिए एक आदर्श बदलाव पेश करती है। यह जल संसाधनों की सुरक्षा के लिए समाधान विकसित करने का एक रोडमैप प्रदान करती है। हमें सतत जल भविष्य के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता है। प्रयास की एक-एक बूंद मायने रखती है। - लेखिका स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में खाद्य सुरक्षा व पर्यावरण केंद्र से जुड़ी हैं।




# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया: फ्रांस से शुरू हुआ दुनिया के सिनेमा का सफर समय के साथ आता गया सुधार

1902 में आज से करीब सवा सौ साल पहले जॉर्ज मेलिस ने एक अद्भुत फ़िल्म 'ए ट्रिप टू मून' बनाई। इसे ही पहली साइंस-फ़िक्शन फ़िल्म का दर्जा हासिल है और इसे सिनेमैटिक स्पेशल इफ़ेक्ट का मील का पत्थर कहा जाता है। फ्रांस में सिनेमा का जन्म हुआ। इस काल में वास्तव में जिसे अग्रणी मान सकते हैं वह जॉर्ज मेलिस था। उसने सच में सिनेमा को मनोरंजन की वस्तु बना कर प्रस्तुत किया। 1902 में आज से करीब सवा सौ साल पहले उसने एक अद्भुत फ़िल्म 'ए ट्रिप टू मून' बनाई। इसे ही पहली साइंस-फ़िक्शन फ़िल्म का दर्जा हासिल है और इसे सिनेमैटिक स्पेशल इफ़ेक्ट का मील का पत्थर कहा जाता है।जॉर्ज मेलिस ने ही सर्वप्रथम सिनेमा को ठाठलाटमाठाठ अभिव्यक्ति के रूप में दर्शाया। उसने सिनेमा का जादू कायम किया। असल में फ़िल्म बनाने से पहले वह मंच पर जादू दिखाने का काम किया करता था। अपने जादुई करिश्मे से लोगों का मनोरंजन करता था, बाद में उसने पेरिस में फ़िल्म स्टूडियो खोला और सृजनात्मकता तथा अन्वेषण का अनूठा नमूना 'ए ट्रिप टू मून' बनाया।इसके अलावा उसने करीब 500 फ़िल्में और बनाई। वह अपनी फ़िल्मों को रंगता भी था जो उस समय एक अजूबा था। फ़िल्म निर्देशक मार्टिन स्कॉरसेसि ने 'ह्यूगो' फ़िल्म बना कर सिनेमा के इसी पूर्वज को अपनी श्रद्धांजलि दी है।फ्रेंच सिनेमा के लिए 'नेपोलियन' बड़ी कामयाबी 1927 में छः घंटे की बायोपिक 'नेपोलियन' बना कर एबल गैन्स ने फ्रेंच सिनेमा को बहुत ऊँचाई प्रदान कर दी। केबिन ब्राउनलॉ की कृपा से यह आज उपलब्ध है। ब्राउनलॉ ने मरम्मत कर 330 मिनट का एक संस्करण तैयार किया है। मगर इससे एबल की इस मूक फ़िल्म की मात्र एक झलक मिलती है। आज भी एबल की इस फ़िल्म को मूक युग की एक महान फ़िल्म का दर्जा हासिल है। इसी काल में फ्रांस में 'ले मिजराबले' का निर्माण भी हुआ। इसे फ़ेसकोर्ट ने बनाया था। सिनेमा के सवाक होते ही फ्रांस में फ़िल्मों की बाढ़ आ गई। वहां प्रतिभा की कोई कमी न थी। अब अन्य विधाओं के लोग सिनेमा की ओर मुड़ गए।नाटककार मार्सेल पैगनेल के यहां से 'फ़र्स्ट मारियुस', 'फ़ैनी', 'सीजर' जैसी फ़िल्में आईं। रेने क्लायर ने 'अंडर द रूफ़्स ऑफ़ पेरिस' नाम से 1930 में एक म्युजिकल फ़िल्म बनाई। इसी काल में 'यथार्थवाद' का विस्फ़ोट हुआ, जिसके प्रणेता वीगो, ज्याँ रेनुआँ, जुलीएन डुविवियर थे। वीगो ने हास्य-व्यंग्य की फ़िल्म 'ज़ीरो ड कन्डुइट' तथा काव्यात्मक 'ल'एटलान्टे' बनाई और यह उनकी अंतिम फ़िल्म साबित हुई। इसके बाद टीबी के कारण मात्र 29 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई। फ्रांस के ये वही ज्यां रेनुआं हैं जिनसे हमारे सत्यजित राय प्रभावित थे। जब सिनेमा मूक से वाचाल हुआ तो बहुत सारे फ़िल्म निर्देशक इस नई तकनीकि को संदेह की नजर से देख रहे थे और इसे अपनाने में हिचक रहे थे, लेकिन ज्यां रेनुआं जैसे निर्देशकों ने इस नई तकनीकि, नई चुनौती को स्वीकारा और आज हम जानते हैं कि इसका नतीजा कितना आश्चर्यजनक रहा। ज्यां रेनुआं से सिने दर्शक/प्रेमी परिचित हैं। उन्होंने 'ए डे इन द कंट्री', 'द क्राइम ऑफ़ मोस्युर लैंग', 'द रिवर' तथा 'रूल्स ऑफ़ द गेम' बनाई और 'ला रिगल डु जेउ' को उनकी महान फ़िल्म कहा जाता है।द्वितीय विश्वयुद्ध ने यूरोप को तबाह कर दिया। सब उलट-पुलट गया। इसके बावजूद सृजन जारी रहा। फ्रांस में ही 'न्यू वेव सिनेमा' का उद्भव हुआ। 1951 में फ्रांस के रोबर्ट ब्रेससन ने 'डायरी ऑफ़ ए कंट्री प्रीस्ट' जैसी शानदार फ़िल्म बनाई। महान फ़िल्म निर्देशक फ्राँस्वा त्रुफ़ो इसी समय सक्रिय थे। स्वयं को 'आंद्रे बाजाँ का दत्तक पुत्र' कहने वाले फ्राँस्वा त्रुफ़ो ने 'ले मिस्तो', 'फ़ोर हंड्रेड ब्लोज', 'जूल्स एंड जिम', 'शूट द पियानो प्लेयर' तथा 'द सॉफ़्ट स्किन' जैसी शानदार फ़िल्में बनाई। 1984 में बावन वर्ष की उम्र में ब्रेन ट्यूमर के कारण फ्राँस्वा त्रुफ़ो की मृत्यु हो गई। उनकी पहली फ़िल्म मात्र 26 मिनट की थी, बाद में उन्होंने अपनी इस फ़िल्म 'ले मिस्तो' को संपादित कर 17 मिनट की कर दिया। यह सर्वकालिक फ़िल्म 5 नटखट बच्चों के कारनामे को दिखाती है। ये लड़के एक युवती का पीछा करते हैं जो अपने प्रेमी से मिलने जा रही है। निर्देशक बाल/युवा मन का चितेरा है, वह दिखाता है कि ये लड़के प्रेमी-प्रेमिका का मिलन देख नहीं पाते हैं। ईर्ष्या से भर कर उनकी राह में कई रुकावट डालते हैं। उन्होंने यह फ़िल्म श्वेत-श्याम निगेटिव पर बिना ध्वनि के बनाई। 'द सॉफ़्ट स्किन' फ्राँस्वा त्रूफ़ो की चौथी फ़िल्म है। 'सिनेमा जीवन से अधिक आवश्यक है।' कहने वाले त्रुफ़ो की फ़िल्म 'द फ़ोर हंड्रेड ब्लोज' फ़िल्म इतिहास में विशिष्ट स्थान रखती है। सिनेमा अध्ययन इस फ़िल्म के अध्ययन के बिना पूरा नहीं हो सकता है। ज्याँ-लुक गोदार्द की 'ब्रेथलेस' इसी काल की फ़िल्म है। ये फ़िल्म निर्देशक डेढ़ दशक तक फ़िल्मी दुनिया पर छाए रहे। फ़िल्म निर्देशक फ्रांस्वा त्रुफ़ो जिस आंद्रे बाजां को अपने पिता का सम्मान देते थे उसने इसी काल में फ़िल्म समीक्षाएं लिखनी प्रारंभ की थी। वे फ़िल्मों का विस्तार से वर्णन करते थे। इसी कारण मात्र तीस वर्ष की उम्र में वे उच्च कोटि के फ़िल्म समीक्षक स्वीकारे जा चुके थे। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिल कर 1951 में 'काइए न्यू सिनेमा' (सिनेमा की डायरी) का प्रारंभ किया। फ्राँस्वा त्रूफ़ो बाद में इस पत्रिका के संपादक बने। फ्रांस में ही 'निर्देशक का सिनेमा' सिद्धांत का प्रतिपादन हुआ। 'न्यू वेव' का दुनियाभर के सिनेमा पर असर लुई लेमियर ने भले ही कहा था कि सिनेमा का आविष्कार बिना किसी भविष्य का है, लेकिन इसका भविष्य उज्जवल साबित हुआ और आज सवा शताब्दी बाद भी परदे पर इसका जादू कायम है।




# बिल्डर महोदय आपको आखिरी तक उम्मीद थी की इमारतें नहीं गिरेंगी

उदारीकरण की इस व्यवस्था में नए बसते शहरों और आबादी की बढ़ती जरूरतों के बीच उपजे रियल स्टेट सेक्टर में बिल्डर नाम के सबसे ज्यादा मोटी खाल के प्राणी ने आम आदमी के अधिकार, उसकी आवाज और यहां तक की उसकी गाढ़ी मेहनत की कमाई तक को निगल लिया है। ऐसे में ट्विन टावर का गिराया जाना उसी बिल्डर के दंभ, अहंकार और रिश्वत के बूते कुछ भी कर गुजरने की मंशा को नेस्तनाबूद किया जाना है। उम्मीदों की उम्र आदमी की नीयत तय करती है। जेहनियत और जमीर पाक-साफ हैं तो आस का एक सिरा भी घटाटोप अंधेरे में हाथ ही आ ही जाता है, वरना बेईमानी और दूसरों को लूटकर अपने घर भरने की कुटिल मंशाएं दिमाग में चल रही हों तो उम्मीदों के कितने ही ऊंचे सितारे आसमान में बंधे हों वे ट्विन टावर की तरह भरभराकर ढह जाते हैं। कल 28 अगस्त 2022 को नोएडा के सेक्टर 93- में सुपरटेक डेवलपर्स के ट्विन टावर के गिरने की तमाम खबरों के बीच एक खबर सुपरटेक डेवलपर्स के कर्ता-धर्ता आरके अरोड़ा को लेकर यह भी थी कि उन्हें पूरा यकीन था कि ये इमारतें नहीं गिरेंगी। उनकी उम्मीद हिली भर थी लेकिन टूटी नहीं थी। दरअसल, यह यकीन उस ताकत, रसूख और व्यवस्था की दरारों में केंचुए की तरह घुसकर जगह बनाने के भरोसे ही था जिसने उन्हें इलाहबाद हाईकोर्ट के 2 साल में आए फैसले के खिलाफ देश की सबसे बड़ी अदालत में 7 साल तक लड़ाई लड़ने की कुव्वत दी थी। अक्टूबर में आए फैसले के बाद मार्च में खुदको दिवालिया घोषित करने का बहाना दिया था। 22 मई के फैसले को 28 अगस्त तक खींचकर लाने और कहीं किसी ओट में छिपकर इसे रोकने की शक्ति दी थी। जाहिर है यह कवायद बताती है कि इस व्यवस्था में बिल्डर महोदय की जुगाड़ी जड़ें कितनी गहरी धंसी थी। एक यकीन था जो गठजोड़, रिश्वतखोरी के बीच व्यवस्था की दरारों में घुसकर बने रहने की कीमत से हासिल हुआ था। और यह यकीन इतना मोटा हो चुका था कि उन्हें लग रहा था कि बिरादर जब इलाहबाद हाईकोर्ट के फैसले से यहां तक आए हैं तो यहां से कुछ और दशक खिंचने में क्या दिक्कत है। लेकिन यकीन मानिए बिल्डर महोदयङ्ग आपको आखिरी तक उम्मीद थी ना इमारतें नहीं गिरेंगी, यकीन करो ध्वस्त वह यकीन ही हुआ है दरअसल, हिम्मत की दाद देनी होगी बिल्डर महोदय आरके अरोड़ा कि जब उनके भ्रष्ट नीयत पर खड़े ट्विन टावर को ध्वस्त करने का फैसला आ गया था तब भी धांधली, लूट और सैटलमेंट वाले इस सिस्टम से उनकी एक आस और उम्मीद भी बची थी, लेकिन वह इस न्याय व्यवस्था से आस लगाई शोषित जनता की नीयत के आगे भरभराकर ढह गई।बीते दो दशकों में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और नियमों को ताक पर रखकर हरा-भरा हुआ रियल स्टेट सेक्टर दिल्ली-एनसीआर ही नहीं बल्कि पूरे देश में जितनी गगनचुंबी इमारतों का अंबार लगाता रहा है उसके पीछे दर्द की ऐसी कहानियां थीं जिन्हें केवल अदालतों द्वारा ही सुना गया है। और यकीन जानिए यह कहानियां अब भी बदस्तूर दर्ज हो रही हैं- नोएडा, गुरुग्राम से लेकर मुंबई तक बिल्डरों द्वारा आम आदमी को घरों का सपना दिखाकर धांधली मचाने की खबरें आती रहीं हैं , कहीं पैसे लेकर घर नहीं दिए गए तो कहीं, खस्ताहाल घर थमाए गए, कहां बिल्डिंगे एक बारिश में जमीदोज हो गई और लोग मुआवजे के लिए दर-दर भटकते रहे तो कहीं डबल होती ईएमआई के बीच घर होने के बावजूद लोग किरायों के घरों में रहने को मजबूर हुए। आखिर इन लाखों आम आदमी के दुखों की कहानियों को सुनने की चौखट थी ही कहां और अब भी कहां है सिवाय अदालतों के ऐसा नहीं है कि बिल्डरों की सरमायादारी की सल्तनत की काली छाया में केवल आम आदमी परेशान हुआ है या हो रहा है, बल्कि परेशान होने वालों में ही हजारों मीडियाकर्मी, पत्रकार और ए-क्लास सरकारी अधिकारी भी रहे हैं जो बिल्डरों की ऊंचाई के आगे सधे गए हैं। यह दुख की ऐसी बेल थी जिसे जितना छेड़ा जाता था वह उतनी ही हरी होती। ऐसा संत्रास था जिसने जानें कितनी पीढ़ियों को निगल लिया था। और अभी खत्म भी कहां हुआ है आज भी और अब भी बिल्डरों के सताए हजारों लोग होंगे जिनकी ना सुनवाई हो रही है ना धांधली पर कोई सवाल उठा पा रहा है। दरअसल, उदारीकरण की इस व्यवस्था में नए बसते शहरों और आबादी की बढ़ती जरूरतों के बीच उपजे रियल स्टेट सेक्टर में बिल्डर नाम के सबसे ज्यादा मोटी खाल के प्राणी ने आम आदमी के अधिकार, उसकी आवाज और यहां तक की उसकी गाढ़ी मेहनत की कमाई तक को निगल लिया था। ऐसे में ट्विन टावर का गिराया जाना उसी बिल्डर के दंभ, अहंकार और रिश्वत के बूते कुछ भी कर गुजरने की मंशा को नेस्तनाबूद किया जाना है। किसी भी हाल में इस बिल्डिंग को गिरने से रोकना दरअसल, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, भ्रष्ट अधिकारियों की मंशाओं को बचाने सरीखा का था। जाहिर है माननीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने देश के सामने एक नजीर पेश की है। यह बताया है।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ कोरिया के रमदहा वाटर फाल झरना में पिकनिक मनाने गए जिले के बैढ़न एवं जयंत इलाके के 7 लोगएक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**छत्तीसगढ।** सिंगरौली छत्तीसगढ़ कोरिया के रमदहा वाटर फाल झरना में पिकनिक मनाने गए जिले के बैढ़न एवं जयंत इलाके के 7 लोग बहे एक की मौत एक को



सुरक्षित बाहर निकालवाकर अस्पताल में चल रहा है इलाज 5 लोगों की तलाश है जारी एनडीआरएफ एसडीआरएफ एवं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की पुलिस 5 लोगों की कर रही है तलाश परिजनों को सिंगरौली पुलिस दी जानकारी परिजन छत्तीसगढ़ कोरिया जिले के रमदहा वाटर फाल के लिए हुए रवाना परिजनों का रो रो के है बुरा हाल।

# गुबार में तब्दील सुपरटेक का गुमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वह एक ऐसा धमाका था, जिसने आसमान से धरती को निहारने के हसीन ख्वाब को पलक झपकते ही मिट्टी में मिला दिया। भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर गगन से बात करते ट्विन टॉवरों का गुमान बारूद के साथ धुआं बनकर फिजाओं में गुम हो गया। दोनों टॉवरों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। धमाके से आसपास की सोसायटियों के कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। गगनचुंबी इमारतों के गिरते ही लगा, जैसे भूकंप आ गया। तेज आवाज और धूल के गुबार को देखकर एक बारगी महसूस हुआ, जैसे पूरा इलाका ही मिट्टी में मिल गया। ट्विन टॉवरों को गिराना इतना आसान नहीं था। इसके लिए लगभग छह महीने तक गहन रिसर्च किया गया। इसमें आईआईटी चेनन्ई के विशेषज्ञों के साथ एडिफिस कंपनी और साउथ अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड की टीमों ने दिनों रात मेहनत की। शुरुआती दिनों में मॉक ड्रिल के बाद एडिफिस कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट से डिमॉलिशन के लिए और वक्त की मांग की थी। टीम को भी यह महसूस हो गया था कि वह इस काम को जितना आसान मान रहे थे, उतना है नहीं। विस्तृत अध्ययन के बाद विशेषज्ञों ने दोनों टॉवरों को सुरक्षित गिराने के लिए अतिरिक्त विस्फोटकों का इस्तेमाल करने का फैसला किया। आखिर, दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड, भारत की एडिफिस कंपनी और आईआईटी चेनन्ई के विशेषज्ञों के इम्तिहान का वक्त आ गया। साउथ अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जो बिक्समैन, आईआईटी चेनन्ई के विशेषज्ञ और भारत की एडिफिस कंपनी के इंडियन ब्लॉस्टर चेतन दत्ता, प्रोजेक्स इंजीनियर मयूर मेहता और उत्कर्ष मेहता की धड़कनें बढ़ गई थीं। 28 अगस्त-2022, दिन रविवार को घड़ी की सूई जैसे दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर पहुंची, एक सायरन बजा। एडिफिस के इंडियन ब्लास्टर चेतन दत्ता ने रिमोट का बटन दबाया। फिर तीन सेकेंड के भीतर दो जोरदार धमाके हुए।



भ्रष्टाचार का 'रावण' जमीन पर आ गिरा और गगन से बात कर रही दो इमारतें को धरती ने अपने आगोश में ले लिया। नोएडा के सियान और एपेक्स टावर में विस्फोट के दौरान प्राइमरी और सेकेंडरी विस्फोट के बीच तीन सेकेंड का अंतर था। विस्फोट के 9 सेकेंड के भीतर दोनों टावर मलबे में तब्दील हो गए। ट्विन टावरों के जमीन पर गिरने के साथ ही धूल के गुबार ने आसमान को छूने की कोशिश की। उसे लगभग 10 किलोमीटर दूर तक देखा गया। धूल से बचाने के लिए आसपास के सोसायटी को प्लास्टिक की शीट से कवर किया गया था। सेक्टर-93 ए स्थित एमराल्ड कोर्ट व एटीएस विलेज सोसायटी में रहने वाले लोगों को अपने वाहनों के साथ परिसर को सुबह 7 बजे ही खाली करा दिया गया था। सुरक्षा के लिए एक्सप्लोजन जोन में 560 पुलिसकर्मी, रिजर्व फोर्स के 100 जवान और चार क्विक रिस्पांस टीम के अलावा एनडीआरएफ टीम को तैनात किया गया था। दोपहर 2.15 बजे एक्सप्रेस-वे को बंद कर दिया गया। आधे घंटे बीतने और धूल हटने के बाद इसे चालू किया गया। इसके अलावा पांच और रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद किया गया था। डिमॉलिशन के मद्देनजर ट्विन टावर के पास की दो सोसायटी में रसोई गैस और बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। धूल के नुकसान से आम लोगों को बचाने के लिए 15 स्मॉग गन लगाई गई थी। हवा में प्रदूषण मापने के लिए छह एयर क्वालिटी इंडेक्स मशीनें लगाई गईं थीं। इसके अलावा किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए शहर के छह हॉस्पिटल को स्टैंड बाय पर रखा गया था। किसी आपातकाल के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए थे। मौके पर एम्बुलेंस की भी तैनाती की गई थी। नोएडा के ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण पर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहा। खुद डीएम सुहास एलवाई और ज्वाइंट कमिशन्र लव कुमार मौके पर मौजूद थे। ट्विन टावर्स को गिराने में लगभग 18 करोड़ रुपये का खर्च आया है। ये खर्च भी सुपरटेक को ही उठाना है। इसके पहले कुल 950 फ्लैट्स के इन दो टावर्स को बनाने में सुपरटेक 200 से 300 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। गिराने का आदेश जारी होने से पहले इन फ्लैट्स की मार्केट वैल्यू बढ़कर 700 से 800 करोड़ तक पहुंच चुकी थी। ये वैल्यू तब है, जबकि विवाद बढ़ने से इनकी वैल्यू कम हो गई थी। रियल एस्टेट के जानकारों का मानना है कि इस इलाके में 10 हजार रुपये प्रति वर्गफीट का रेट है। इस हिसाब से बिना किसी विवाद के इन टॉवर्स की बाजार कीमत 1000 करोड़ के पार निकल गई होती। सुपरटेक ने इस नुकसान से बचने की भरसक कोशिश की। कोर्ट में तमाम तरह की दलीलें दी थीं, जिसमें एक टावर गिराकर वहां दूसरे को खड़े रहने का विकल्प भी सुझाया था। लेकिन, सुप्रीम अदालत ने उसकी सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नोएडा मे गरजे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज नोएडा पहुंचे , अखिलेश यादव ने सेक्टर 121 में स्थित नोएडा इंटरनेशनल स्कूल के अंदर रघुवर सिंह प्रधान की प्रतिमा का अनावरण करने के पहुँचे थे ,अखिलेश यादव ने मंच से बोलते हुए बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा की कौन मंत्री बन गया किसी को नहीं पता है और किसके ट्रांसफर हो गए ये भी किसी को नहीं पता लगा को घेरते हुए कहा की समाजवादी पार्टी की सरकार में दिल्ली मेरठ रैपिड रेल का काम अभी तक नहीं पूरा नहीं किया है वही समाजवादी पार्टी की सरकार में ही नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो शुरू कराई गई है , अखिलेश यादव ने बोला की नोएडा के लोगो की कनेक्टिविटी के एलिवेटेड रोड बनाया गया है। श्रीकांत त्यागी के मुद्दे पर भी कसा तंज श्रीकांत त्यागी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा की वीडियो बनाने वाले उस



है , ट्रांसफर पोस्टिंग में इतना बड़ा खेल हो रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ है , सरकार के दुबारा शुरूवात होते ही लोग शर्मिंदा हो रहे है। अखिलेश यादव ने कहा की डबल इंजन की सरकार में अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है , ऑपरेशन का टाइम कही दिनों बाद नंबर लग रहा है अखिलेश यादव ने विकास कार्यों को गिनाया पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने मंच बीजेपी व्यक्ति को धयन्वाद बोलता हूँ , महिला के साथ जो अभद्रता हुई उस में साफ़ पता लगता है की बीजेपी के लोग कैसे है। खुद नोएडा के बीजेपी सांसद बोल रहे थे की वो शर्मिंदा है , शर्मिंदा इसलिए है क्यों की 5 साल में काम नहीं हुआ है अखिलेश यादव ने कहा सदस्यता अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने का काम करे जिससे की समाजवादी पार्टी को 2024 में दिल्ली भेजने का काम कीजिये।

# चित्रकला प्रदर्शनी में दिखी भारत का कला वैभव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** चित्र हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का परिचायक होती है। अजंता और एलोरा को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता दी गई है। यह हमारी कलात्मक अभिव्यक्ति को दुनिया द्वारा दी गई मान्यता है। यह विचार आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय ने व्यक्त किया। प्रो पांडेय सृजन दी ड्राइंग एंड पेंटिंग क्लब बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा। प्रो पांडेय ने कहा कि अजंता एलोरा की गुफाएं यहां पर साक्षात प्रकट हो गई हैं। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कला कृतियां इंटरनेट पर उपलब्ध कला कृतियों से बहुत अलग हैं और जीवंत है। इससे यह सहज ही कहा जा सकता है कि विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण का पूरा उपयोग किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद झाँसी के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि जब दुनिया में कोई भाषा नहीं थी तो चित्रों के माध्यम से ही लोग अपनी बात को कहते थे। भारत की कलात्मक वैभव को देखकर लगता है कि यहां लोगों ने कला को संचार के रूप में उपयोग किया है। यह संचार का और स्वयं को बहुत अधिक समय तक व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो0 संजय द्विवेदी ने कहा कि चित्रकला हमेशा से ही प्रासंगिक रही है। बच्चों द्वारा बनाई गई कृतियां समय को जागृत करने में सहायक सिद्ध होंगी। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो मुनन तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी में विद्यार्थियों की मदद से बुंदेली वीथिका का निर्माण किया जाएगा। जिस तरह से आज हम अजंता और एलोरा की कला कृतियों को देखने जाते हैं, उसी तरह से हमारा प्रयास होगा कि यहां की कलात्मकता को संरक्षित किया जाए और दुनिया में अपना स्थान प्राप्त करे। झाँसी मंडल



के पर्यटन आयुक्त एस के दुबे ने कहा कि अजंता और एलोरा की गुफाएं अपनी विरासत के साथ ही साथ साम्यिकता को अपने में समेटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सहयोग से इस तरह कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किया जाएगा। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम की संयोजक एवं सृजन दी ड्राइंग एंड पेंटिंग क्लब की समन्वयक डॉ श्वेता पाण्डेय किया व आभार डॉ उमेश कुमार ने दिया, कार्यक्रम का संचालन शाश्वत सिंह ने किया इस अवसर पर प्रतिभागी शोधार्थी, विद्यार्थी, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित रहे।

# हिन्दी साहित्य भारती की दो दिवसीय बैठक का शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी ।** हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए संकल्पित हिन्दी साहित्य भारती की दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय बैठक का शुभारम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व राज्यपाल डॉ. कप्तान सिंह सोलंकी रहे। अध्यक्षता हिन्दी साहित्य भारती के अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष



साहित्यकार व प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रवीन्द्र शुक्ल ने की। बैठक में निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि , छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल डॉ. शेखर दत्त, प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे. नन्दकुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में महानिदेशक जनसंचार संस्थान भारत सरकार प्रो. संजय द्विवेदी, डॉ. अचला भूपेन्द्र कुमार दुबई, डॉ. रमा सिंह, आचार्य देवेन्द्र देव वरिष्ठ साहित्यकार, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश पाण्डेय, कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डॉ. अरविन्द कुमार चतुर्वेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल डॉ. कप्तान सिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में हिन्दी साहित्य भारती द्वारा किये गये कार्य की सरहाना करते हुए कहा कि संस्था सफल व सार्थक कार्य कर रही है। समाज में हिन्दी की उपयोगिता व आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने अपने बेबाक संबोधन में कहा कि राजनीति में सार्थकता नहीं है। राजनीति समाज को तोड़ती है, जोड़ती नहीं लेकिन सफलता के लिए राजनीति का अनुभव जरूरी है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिये संवेदनशीलता आवश्यक है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि वह अजातशत्रु थे क्योंकि वह कवि थे, उनका कोई विरोधी नहीं था। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह जे. नन्दकुमार ने कहा कि व्यक्ति सार्थक जीवन जीने की कोशिश करे। पाश्चात्य सभ्यता आनंद के लिये है। व्यक्ति के अंदर दासता का बोझ बंद होना चाहिए। निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी डॉ. शाश्वतानंद गिरि ने कहा कि भारतीय संस्कृति अध्यात्म से ओतप्रोत है। हमें मनुष्य होने का अर्थ समझना चाहिए, संस्कृत विश्व की पूर्ण परमार्जित भाषा है उसी से हिन्दी का जन्म हुआ है हिन्दी हर भारतवासी के रग-रग में व्यापत है। हिन्दी को वह सम्मान नहीं मिला जो मिलना चाहिए। विजयलक्ष्मी मुरलीधरन अपर महाप्रबंधक एनटीपीसी रामागुंडम अध्यक्ष हिंदी विभाग दक्षिण भारत में हिंदी की अतुलित सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया। गोपाल दास महेश्वरी केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंसाफ हिंदी सहित भारती के गीत की अद्भुत रचना के लिए सम्मानित किए गए। डॉक्टर चितरंजन कर मार्गदर्शक हिंदी साहित्य भारती प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य भारती के ध्येय गीत को अनुपम स्वर देने के लिए सम्मानित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का प्रबंधन कार्यालय प्रभारी निशांत शुक्ल एवं स्किल्ड इंडिया के डायरेक्टर नीरज सिंह जी के द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त और सियाशरण गुप्त की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं साहित्य सदन परिवार द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। बाद में सभी अतिथियों को झाँसी के किले का भ्रमण कराया गया एवं रानी की शौर्य गाथा से अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा हुई एवं संघटन के विधान, उद्धेश्य एवं हिंदी साहित्य भारती के सभी पदाधिकारियों की भूमिका पर चर्चा हुई। इस सत्र का मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रतिनिधित्व कर रहे जे नंद कुमार जी राष्ट्रीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह ने किया। द्वितीय सत्र संचालन डॉक्टर कीर्ति काले एवं आभार डॉक्टर नरेश मिश्र द्वारा किया गया। तृतीय सत्र में आनंद उपाध्याय द्वारा विषय प्रवर्तित करते हुए प्रोफेसर संजय कुमार द्विवेदी महानिदेशक जन संचार संस्थान भारत सरकार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, ब्लॉक प्रमुख राजकांतेश वर्मा, पूर्व महापौर किरन वर्मा, जालौन प्रभारी संजीव श्रृंगीरिषी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सराओगो, विश्व विख्यात कवि अर्जुन सिंह चांद, राष्ट्रपति पद से सम्मानित शिक्षाविद डॉ0 नीति शास्त्री, सदर कैंट मण्डल अध्यक्ष अनिरुद्ध दुबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शशांक गुरनानी, पूर्व पार्षद भरत दुबे, बाबूलाल तिवारी संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, हेमंत परिहार भाजयुमो झाँसी, अजेंद दुबे आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय शिक्षण मंडल- युवा आयाम एवं आरएफआरएफ शोध पत्र प्रतियोगिता के पोस्टर का हुआ विमोचन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** उच्च शिक्षा क्षेत्र में नई शिक्षा नीति से सकरात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनेकों स्तर पर प्रयास किया जा रहे है। सबसे महत्वपूर्ण है शोध के प्रति छात्रों की रुचि। आयातित ज्ञान और विज्ञान से राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। हमें अपने विकास योजना, अपनी संस्कृति, अपने ज्ञान और अपनी सभ्यता के अनुरूप बनानी होगी। उक्त विचार भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानितकर करने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में व्यक्त किए। वे भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम एवं रिसर्च फॉर रिसेर्जेंस फाउंडेशन नागपुर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली शोध प्रतियोगिता सुभाष स्वराज सरकार के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रोफेसर मुकेश पांडे कुलपति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी छात्र इस प्रतियोगिता में सहभागिता करें। आत्मनिर्भर भारत, सुभाष चंद्र बोस द्वारा आजाद हिंद सरकार की उपयोगिता, भूले बिसरे नायकों जैसे आदि महत्वपूर्ण विषयों में छात्र भागीदारी कर सकते हैं। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत अध्यक्ष उरई डी0वी0 डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 राजेश पांडे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सनतक, परासनतक, रिसर्च स्कॉलर और 40 वर्ष से कम की उम्र के लोग सहभागिता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय रानी लक्ष्मीबाई के कुलपति प्रोफेसर एसके चतुर्वेदी, बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर एसके राय, विपिन बिहारी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर टी के शर्मा, वीरांगना झलकारी बाई राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य बी बी त्रिपाठी द्वारा अपने शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर का विमोचन किया गया।

# इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंडिया जीआई फेयर, खिलोना इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 26 से 28 अगस्त 2022 तक समवर्ती रूप से आयोजित होने वाले इंडिया जीआई फेयर, खिलोना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर, मां शिशु और एसटीईएम कॉन्फेक्स के पहले संस्करण का उद्घाटन किया गया। उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, सचिव, कपड़ा मंत्रालय; सुश्री शुभ्रा, व्यापार सलाहकार, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ. रजनी कांत (पदम श्री सम्मान), कार्यकारी निदेशक, मानव कल्याण संगठन, वाराणसी राज के मल्होत्रा, अध्यक्ष, ईपीसीएच राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच और अध्यक्ष आईईएमएल अजय अग्रवाल, अध्यक्ष, द टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच; और ईपीसीएच से प्रशासन के सदस्यों की समिति शामिल हुई। मध्य पूर्व का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम और मेलों में विशेष मेहमानों भी शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए, उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, सचिव, कपड़ा मंत्रालय ने सभी मेलों में प्रदर्शक मिश्रण और प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, ज्यादातर लोग नहीं जानते कि भारत में 390 से अधिक जीआई उत्पाद हैं, जिनमें से 200 से अधिक हथकरघा और हस्तशिल्प हैं। श्री सिंह ने बड़ी संख्या में निर्माताओं को एक मंच प्रदान करने में ईपीसीएच की भूमिका की सराहना की, जो अपनी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और उद्यम के साथ भारत और विदेशों में बाजारों में योगदान करने में सक्षम हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे प्रधानमंत्री भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा और वस्त्रों के सर्वश्रेष्ठ राजदूत हैं। उन्होंने टॉय सेगमेंट को सक्षम बनाने के लिए अपना विजन भी साझा किया है। इस अवसर पर बोलते हुए, सुश्री शुभ्रा, व्यापार सलाहकार, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, जब आप भारतीय उत्पाद खरीदते हैं, तो आप भारत का एक हिस्सा अपने साथ ले जा रहे होते हैं। हमें विशेष क्षेत्रों के उत्पादों को बाहर लाने और उन्हें पूरी दुनिया में ले जाने का लक्ष्य रखना चाहिए। राज कुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने समवर्ती मेलों में सभी का स्वागत किया और कहा, गर्व और विनम्रता के साथ, मैं यह साझा कर सकता हूं कि परिषद द्वारा एक बार फिर यह साबित कर दिया गया है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ, नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं और समय के साथ लाभ कई गुना बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ईपीसीएच ने विभिन्न मेले और प्रदर्शनी के माध्यम से उद्योग को अपने उत्पादों और सेवाओं को दुनिया को अपनी असाधारण कहानी बताने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करती हैं। ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने कहा, जीआई मेला हमारे विशिष्ट पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने के हमारे प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के लिए जिम्मेदार है। खिलोना - इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर भी उनकी इस इच्छा का प्रकटीकरण है कि इस क्षेत्र की संभावनाओं का पता लगाया जाए। अन्य दो मेले हैं मां शिशु और स्टेम कॉन्फेक्स, जिसकी संकल्पना हमने पिछले एक साल में की है और इसने आखिरकार दिन का उजाला देखा है। उन्होंने कहा, इस तरह के व्यापार मंच आवश्यक बाजार के साथ वैश्विक आपूर्ति में भारत की भूमिका को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ङ्क आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने बताया कि इंडिया जीआई फेयर भारत का अपनी तरह का पहला व्यापार कार्यक्रम है, जो भारतीय भौगोलिक रूप से संकेतित (जीआई) उत्पादों की ताकत का प्रदर्शन करता है, जिसमें 300द्द की एक प्रदर्शक शक्ति के साथ 12 प्रमुख श्रेणियां सामग्री और में विभाजित हैं। माल, खाद्य पदार्थ और सामग्री, प्रकृति और कल्याण, हस्तशिल्प और हथकरघा, घर और संग्रहणीय और फैशन और सहायक उपकरण। 200द्द प्रदर्शकों के साथ खिलोना-भारत खिलौने और खेल मेला माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी के खिलौनों और खेलों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के साथ-साथ भारत में अपनी पूरी क्षमता को साकार करने के साथ प्रतिध्वनित होता है। ग्लोबल सोर्सिंग हब बनने के उद्देश्य से इस सेगमेंट के लिए मैन्युफैक्चरिंग। मां शिशु समग्र पालन-पोषण पर केंद्रित है और एसटीईएम कॉन्फेक्स शिक्षाशास्त्र के माध्यम से बच्चों के महत्वपूर्ण कौशल के विकास पर केंद्रित है।पेरेंटिंग विशेषज्ञ अर्जुन सेठ ने प्रोडिजी सुपर किड्स में एक आकर्षक मास्टर क्लास प्रस्तुत की कि कैसे छोटे बच्चों को खेल के माध्यम से सीखने में मदद की जाए, बिना तकनीक या उपकरणों के, जबकि वे नए युग की क्षमताओं और कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला विकसित करते हैं। इसके अलावा, इंडिया एसटीईएम फाउंडेशन के सहयोग से 19 वर्ष से कम आयु के विभिन्न आयु समूहों के लिए दिलचस्प 'कौन बनेगा रोबोजीनियस' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य एक रोबोट का डिजाइन और निर्माण करना था जो स्कूली बच्चों को कार्यों के साथ एक क्षेत्र में सहायता कर सके। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा एक सत्र में प्रीकॉन्सेप्शन केयर मॉड्यूल को कवर किया गया था।मेलों के दौरान दो पैनल चर्चाएं आयोजित की जाती हैं, जिसका शीर्षक है, 'खिलौने के भविष्य को फिर से बनाना' और 'भौगोलिक संकेत (जीआई) -इकोसिस्टम एंड इनिशिएटिव्स फॉर ब्रांड प्रमोशन थरू मार्केट लिंकेज'। पैनलिस्टों में प्रमुख उद्योग पेशेवर और सलाहकार हैं। शो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आयोजकों को सम्मान के साथ-साथ पुरस्कार भी मिलते हैं।





# लाल सिंह चड्ढा ही नहीं हॉलीवुड की रीमेक हैं बॉलीवुड की ये शानदार फिल्में


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लिस्ट में शोले भीबॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की कम बैक फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' अपनी रिलीज के पहले से ही सबकी जुबान पर थी। सोशल मीडिया पर उठी बायकॉट की मांग से रिलीज के बाद इस फिल्म को कई शहरों में विरोध का भी सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फिल्म की खास बात यह थी कि 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' की आधिकारिक हिंदी रीमेक थी। जहां 'फॉरेस्ट गंप' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की थी, वहीं 'लाल सिंह चड्ढा' को भारी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि 'लाल सिंह चड्ढा' ही अकेली ऐसी फिल्म नहीं है, जो किसी हॉलीवुड फिल्म का रीमेक है। इंडस्ट्री में बहुत पहले से हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बनाए जा रहे हैं। 'शोले' से लेकर 'ब्लैक' तक बहुत सी ऐसी फिल्में हैं, जो हॉलीवुड की रीमेक हैं। चलिए आज इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं कौन-कौन सी बॉलीवुड फिल्में हॉलीवुड की कॉपी हैं साल 1975 में आई बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' भी ओरिजनल आईडिया नहीं है। यह बात सुनकर आपको हैरानी जरूर हुई होगी, लेकिन यह बिल्कुल सच है। अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म 'शोले' जॉन स्टर्गेस द्वारा निर्देशित फिल्म 'द मैगिनफिकेंट सेवन' से प्रेरित थे। कमाल की बात यह है कि 'द मैगिनफिकेंट सेवन' भी एक रीमेक है। यह फिल्म मूल रूप से जापानी फिल्म 'सेवन समुराई' से प्रेरित थी। 'द मैगिनफिकेंट सेवन' हॉलीवुड फिल्म में 7 लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से एक गांव को डाकुओं से बचाने के लिए लाया जाता है। हालांकि, 'शोले' में सिर्फ जय-वीरू की जोड़ी होती है पर उनका काम वही होता है। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक जेम्स डियर डन द्वारा निर्देशित फिल्म 'ए किस बिफोर डाइंग' की कहानी से इंस्पायर होकर ही शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म 'बाजीगर' का निर्माण किया गया था। बॉलीवुड की निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने फिल्म 'बाजीगर' का निर्देशन किया था। 'बाजीगर' को न केवल समीक्षकों की तारीफ मिली थीं, बल्कि फिल्म ने दर्शकों को भी काफी प्रभावित किया था। इसी का नतीजा था कि 'बाजीगर' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। इतना ही नहीं फिल्म ने चार फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीते थे। इस फिल्म में शाहरुख खान से लेकर काजोल तक की एक्टिंग को याद किया जाता है। कमल हासन की बहुचर्चित फिल्म 'चाची 420' भी इस लिस्ट में शामिल




है। महिला का किरदार निभा दर्शकों का दिल जीतने वाले कमल हासन की यह फिल्म रॉबिन विलियम्स की हॉलीवुड फिल्म 'मिसेज डाउटफायर' से प्रेरित थी। कमल हासन ने न केवल फिल्म में चाची का किरदार निभाया था बल्कि इसके साथ ही उन्होंने इसका निर्देशन भी किया था। 'चाची 420' में कमल हासन के अलावा अमरीश पुरी, ओम पुरी, परेश रावल, तब्बू और नासिर जैसे कलाकार भी शामिल थे। फिल्म की कहानी एक ऐसे पिता की है जो अपनी बेटी से मिलने के लिए चाची का रूप रख लेता है। साल 1982 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' ऐसे सात भाइयों की कहानी को पर्दे पर उतारती है, जो शादी करने के लिए तिगड़म लगाते हैं। निर्देशक राज ए सिप्पी ने फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' साल 1954 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'सेवेन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' से प्रेरित होकर बनाई थी। 'सेवेन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' का निर्देशन स्टेनली डोनन ने किया था। अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी जैसे कलाकारों से सजी इस मल्टीस्टारर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। 'लाल सिंह चड्ढा' से पहले भी अपने करियर में आमिर खान हॉलीवुड फिल्म से प्रेरित एक मूवी में अभिनय कर चुके हैं। हम बात कर रहे हैं आमिर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' की। यह फिल्म साल 1979 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'ब्रेकिंग अवे' से प्रेरित थी।इस फिल्म की कहानी से लेकर गानों तक ने लोगों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी थी। 'जो जीता वही सिकंदर' में आमिर खान के अलावा आयशा जुल्का, पूजा बेदी, कुलभूषण खरबंदा, मामिक और दीपक तिजोरी जैसे कलाकारों ने काम किया था। विदेश की नामचीन राइटर्स में से एक हेलेन केलर और उनकी शिक्षक ऐनी सुलिवन के जीवन पर आधारित फिल्म 'द मिरेकल वर्कर' बहुत मशहूर हुई थी। आर्थर पेन द्वारा निर्देशित इस हॉलीवुड फिल्म से प्रेरित होकर बॉलीवुड के महान निर्देशक संजय लीला भंसाली ने फिल्म 'ब्लैक' का निर्माण किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अमिताभ जहां इसमें उनके टीचर के किरदार में थे, वहीं रानी इसमें उनके स्टूडेंट की भूमिका में दिखाई दी थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। साल 1989 में आई हॉलीवुड रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'व्हेन हैरी मेट सैली' वहां की सुपरहिट फिल्मों में से एक थी। रॉब रेनर द्वारा निर्देशित इस फिल्म के लगभग 15 साल बाद बॉलीवुड फिल्म 'हम तुम' रिलीज हुई थी। सैफ और रानी की अदाकारी से सजी यह फिल्म, 'व्हेन हैरी मेट सैली' का रीमेक थी। 'हम तुम' का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया था, फिल्म में सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई थी। हॉलीवुड की 'द साइलेंस ऑफ द लैम्ब्स' अब तक की बेस्ट आइकॉनिक फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का निर्देशन जोनाथन डेमे ने किया था। हॉलीवुड की इस फिल्म से प्ररित होकर निर्देशक तनुजा चंद्रा ने फिल्म 'संघर्ष' बनाई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, अक्षय कुमार और आशुतोष राणा ने अभिनय किया था। यह बॉलीवुड फिल्म, हॉलीवुड का मुकाबला नहीं कर पाई थी। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सुपरहिट रही थी। क्विंटिन टैरेंटिनो के निर्देशन में बनी हॉलीवुड फिल्म 'रिजर्वायर डॉग्स' से इंस्पायर होकर बॉलीवुड फिल्म 'कांटे' बनाई गई थी। फिल्म का निर्देशन संजय गुप्ता ने किया था, जिसमें संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अमिताभ बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह फिल्म ऐसे छह लोगों को दर्शाती है, जिन्हें गलत तरीके से लॉकअप में बंद कर दिया जाता है। वहां सभी एक-दूसरे से मिलते हैं और एक बैंक लूटने की प्लानिंग करते हैं, जहां पुलिस की सैलरी जमा होती है। पार्क चैन वूक निर्देशित दक्षिण कोरियन फिल्म 'ओल्ड बॉय' अब तक की सबसे बड़ी रिवेंज फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म से प्रेरित होकर की बॉलीवुड निर्देशक संजय गुप्ता ने संजय दत्त और जॉन अब्राहम स्टारर फिल्म 'जिंदा' बनाई थी। जॉन अब्राहम और संजय दत्त के अलावा इस फिल्म में लारा दत्त और सेलिना जेटली मुख्य भूमिकाओं में थे। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'सरकार' भी हॉलीवुड की क्लासिक हिट फिल्म 'द गॉडफादर' का रीमेक थी। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'सरकार' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। फिल्म में अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, केके मेनन, कटरीना कैफ जैसे मंझे हुए कालाकारों ने अभिनय किया था। फिल्म की कहानी एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिस पर एक राजनेता की हत्या का झूठा आरोप लगाया जाता है।

# मुंबई पुलिस ने दर्ज किया रणवीर सिंह का बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बोल्ड फोटोशूट मामले में ढाई घंटे तक हुई पूछताछमुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का बयान दर्ज कर लिया है। बता दें कि सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करने की वजह






से उनके खिलाफ पिछले महीने चेंबूर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक अभिनेता सोमवार सुबह करीब सात बजे जांच अधिकारी के सामने पेश हुए। उन्होंने ढाई घंटे तक अधिकारियों के सवालों का जवाब दिया। और फिर सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस थाने से निकल गए। न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान अधिकारियों ने यह तक कहा कि जरूरत पड़ने पर रणवीर सिंह को फिरसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। बता दें कि इससे पहले चेंबूर पुलिस स्टेशन ने अभिनेता रणवीर सिंह को 22 अगस्त को पेश होने के लिए तलब किया था। हालांकि, इस सिलसिले में अभिनेता ने पेश होने के लिए दो हफ्ते का समय मांगा था। जिसके बाद उन्हें आज यानी 29 अगस्त की तारीख दी थी। गौरतलब है कि एक्टर ने बीते महीने में एक मैगजीन के लिए न्यूड फोटोशूट कराया था। सामने आई इन तस्वीरों में रणवीर फुल कॉन्फिडेंस के साथ अपनी मस्क्यूलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। उनकी इस फोटोज के सामने आने के बाद से वह विवादों में घिर गए थे। वहीं, वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर हाल ही में नेटफ्लिक्स के इंटरेक्टिव स्पेशल रणवीर वर्सेज वाइल्ड में बेयर ग्रिल्स के साथ नजर आए थे। वहीं, अब अभिनेता एक्ट्रेस आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन के साथ फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे।

# भारत ने पाकिस्तान को दी पटखनी, खुशी से झूमे जेठालाल, सोशल मीडिया पर आई मीम्स की बाढ़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 के पहले मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर जीत का परचम लहराया है। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने धोनी वाली रणनीति अपनाई और पिछले साल हुए टी20 वर्ल्ड कप के दौरान मिली हाल का बदला लिया। अब लोगों के साथ-साथ सेलेब्स भी टीम इंडिया की इस जीत का जशन मना रहे हैं। कार्तिक आर्यन, आयुष्मान खुराना, अशोक पंडित, शरद केलकर, कमाल राशिद खान, अर्जुन रामपाल समेत कई सेलेब्स सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत





पूरा देश भारत की इस धमाकेदार जीत का जशन मना रहा है। कुछ लोग पटाखे फोड़ रहे हैं तो कुछ सोशल मीडिया पर मीम्स शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होते मीम्स में कहीं तारक मेहता के जेठालाल खुशी से नाच रहे हैं तो कहीं बॉलीवुड फिल्मों के डायलॉग्स के जरिए पाकिस्तान का मजाक उड़ाया जा रहा है। के बाद अनन्या पांडे और आयुष्मान खुराना ने कटरीना कैफ और सिद्धार्थ मल्होत्रा के पॉपुलर गाने 'काला चश्मा' पर शानदार डांस किया। वहीं अर्जुन रामपाल ने ट्वीट कर हार्दिक पांड्या और रवींद्रसिंह जडेजा को धन्यवाद कहा है। बता दें कि इन दोनों बल्लेबाजों की वजह से ही रविवार को इंडिया यह मुकाबला जीत पाई है।

# 'कार्तिकेय 2' के आसपास भी नहीं फटक रही 'लाइगर'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 40 करोड़ तक पहुंचने में छूट रहे पसीने हिंदी फिल्मों के लिए साल 2022 काफी मनहूस रहा है। गंगूबाई काठियावाड़ी, द कश्मीर



फाइल्स, आरआरआर, केजीएफ 2 और भूल भुलैया 2 को छोड़ दें तो अब तक लगभग जितनी भी फिल्में रिलीज हुई हैं, लगभग फ्लॉप रही हैं। कुछ दिनों पहले विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की फिल्म 'लाइगर' रिलीज हुई है। लेकिन ये फिल्म छठे दिन ही ठप पड़ती नजर आ रही है। वहीं छोटे बजट में बनी फिल्म 'कार्तिकेय 2' 'लाइगर' से बेहतर कमाई करती नजर आ रही है। कम से कम इस फिल्म ने अपना बजट तो निकाल ही लिया है। जबकि 'लाइगर' को तो बजट निकालने के भी लाले पड़े हैं। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की फिल्म लाइगर 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का ट्रेलर प्रोमो और गाने देखने के बाद जनता में ठीक-ठाक माहौल था, प्रमोशन भी बढ़िया किया गया। लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो नतीजा उम्मीद से बेहद खराब निकला। हालांकि इसमें फिल्म को मिले नेगेटिव रिव्यू का भी बड़ा हाथ रहा, और नतीजा ये हुआ कि पहले ही दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ का कारोबार किया। छठे दिन इस फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब इस फिल्म की कुल कमाई 38.04 करोड़ रुपये हो चुकी है। कार्तिकेय 2 की बात करें तो इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है।


# एआर रहमान के नाम पर होगा कनाडा की एक और सड़क का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** म्यूजिक डायरेक्टर ने जताया आभारम्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान को सम्मानित करने के लिए कनाडा की एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कनाडा के मरखम शहर की एक सड़क का नाम बदलकर एआर रहमान कर दिया गया है। गौरतलब कि इससे पहले साल 2013 में मरखम (कनाडा) की ही अन्य सड़क को संगीतकार ए आर रहमान (47) के नाम पर - अल्लाह-रखा रहमान सेंट नाम दिया गया था। एआर रहमान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इस वक्त फिल्म चियान विक्रम की कोबरा में व्यस्त हैं। बता दें कि यह फिल्म 31 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कोबरा के बाद, उनकी अगली परियोजना मणिरतन्म की पोनिनयिन सेलवन है। इसके साथ ही वह अपने निर्देशन में बन रही पहली फिल्म ले मस्क पर काम कर रहे हैं।



# अब तक कहां चमके, कहां चूके राजकुमार राव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इन 10 गलतियों के चलते औंधे मुंह गिरी बॉक्स ऑफिस वैल्यू नेटफ्लिक्स के रजत जयंती वर्ष पर मुंबई में हुए नेटफ्लिक्स के फिल्म्स डे पर राजकुमार राव की अगली ओटीटी फिल्म 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' की झलक खासतौर पर मीडिया के सामने पेश की गई। कार्यक्रम में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ ही राजकुमार राव भी आए लेकिन उनके चेहरे पर वह तेज नहीं दिखा, जिसके लिए वह अक्सर पहचाने जाते हैं। राजकुमार राव की गिनती बॉलीवुड के शानदार कलाकारों के रूप में होती रही है। काम भी उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में किया है। लेकिन, फिल्म 'स्त्री' के बाद से उनकी बॉक्स ऑफिस वैल्यू लगातार घटती जा रही है। सिर्फ सिनेमाघरों में रिलीज फिल्मों को गिने तो उनकी अब तक लगातार नौ फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं। राजकुमार राव को इन दिनों एक ऐसी फिल्म की सख्त जरूरत है जो बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर सके और उनके डूबते करियर को फिर से लाइमलाइट में ला सके। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि आखिर हिंदी सिनेमा के टॉप 5 सितारों में शामिल रहे राजकुमार अपनी किन गलतियों के चलते धीरे धीरे हाशिये पर खिसकते जा रहे हैं साल 2018 में आई फिल्म 'स्त्री' के बाद राजकुमार राव की अब तक सिनेमाघरों में रिलीज हुई नौ फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं। इन फिल्मों में '5 वेडिंग्स', 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा', 'जजमेंटल है क्या', 'मेड इन चाइना', 'शिमला मिर्ची', 'रूही', 'बधाई दो', 'हम दो हमारे दो' और हालिया रिलीज फिल्म 'हिटः द फर्स्ट केस' शामिल हैं। इन सारी फिल्मों के साथ एक बात एक जैसी रही और वह ये कि इनकी कहानियों से सिनेमाघरों में फिल्में देखने वाले दर्शक तारतम्य नहीं बिठा सके। ऐसा नहीं कि उनको ध्यान में रखकर लेखक अच्छी कहानियां नहीं लिख रहे लेकिन उनकी एजेंसी के बीच में आ जाने के बाद से राजकुमार तक अच्छी कहानियां पहुंच ही नहीं पा रही हैं। राजकुमार राव की लगातार फ्लॉप फिल्मों में एक बात और एक जैसी है और वह ये कि अब राजकुमार राव ने 'शाहिद', 'क्वीन' या 'सिटीलाइट्स' की तरह अपनी फिल्मों की कहानियों में किरदार की तरह दिखना बंद कर दिया है। अब हर फिल्म में वह राजकुमार राव ही नजर आते हैं। उनके किरदार अब दर्शकों को चौंकाते नहीं है। बातचीत में राजकुमार राव खुद मानते हैं कि जब भी मौका मिले, कलाकार को कुछ अलग करने की



कोशिश करनी चाहिए। लेकिन, अपनी कही इस बात का असर उनकी अपनी ही फिल्मों में अब दिख नहीं रहा। हिंदी सिनेमा की एक बड़ी कमजोरी ये भी है कि यहां एक कलाकार खुद को बड़ा हीरो तब तक नहीं मानता जब तक कि वह अपने दौर की दिग्गज हीरोइनों के साथ काम न कर ले। राजकुमार राव की ऐश्वर्या राय बच्चन का हीरो बनने की तमनन फिल्म 'फन्ने खां' में पूरी तो हुई लेकिन इस फिल्म ने उनके करियर पर बड़ा ग्रहण लगा दिया। सोनम कपूर के हीरो वह फिल्म 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' में बने लेकिन फिल्म देखकर दर्शकों को कैसा लगा, ये सब जानते हैं। प्रियंका चोपड़ा के हीरो वह 'द व्हाइट टाइगर' में बने और ओटीटी हीरो का ठप्पा अपने ऊपर लगवा बैठे। बॉलीवुड में अक्सर देख गया है कि जब बड़ी हीरोइन किसी फिल्म में सेंट्रल किरदार निभाती है तो बड़े हीरो उसमे काम नहीं करते है। राज कुमार राव को यह बात नहीं समझ आई। उनको लगा कि कमशिर्यल हीरो बनने के लिए उनका बड़ी हीरोइनों के साथ काम करना जरूरी है। और, यहीं उनसे सबसे बड़ी चूक हो गई राजकुमार राव ने मुंबई के पॉश इलाके में करोड़ों का फ्लैट खरीदा है, वह अपनी रिहाइश उस इलाके में बरसों से करना चाहते रहे है जहां हिंदी सिनेमा के खानदानी रईस कलाकार रहते हैं। उनका ये सपना पूरा भी हो गया। उनके करीबी बताते हैं कि राजकुमार राव की जो भी फिल्में बीते चार साल में फ्लॉप हुई हैं, उसके लिए उनकी टैलेंट एजेंसी ने उन्हें किरदार भले दमदार न दिलाएं हों पर पैसा अच्छा दिलाया है। इस पैसे के लालच ने ही राजकुमार राव के करियर को हाशिये की तरफ धकेल दिया है। राजकुमार राव ने ऐश्वर्या राय के साथ 'फन्ने खां', कंगना रनौत के साथ 'जजमेंटल है क्या', प्रियंका चोपड़ा के साथ 'द व्हाइट टाइगर' और सोनम कपूर के साथ 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' जैसी फिल्में कीं। लेकिन, अब हालत ये है कि मौजूदा दौर की अधिकतर अभिनेत्रियां उनके साथ फिल्म की पिचिंग होते ही फिल्म में काम करने से मना कर देती हैं। उनकी आने वाली फिल्मों की फेहरिस्त देखें तो अब राजकुमार राव 'मोनिका ओ माई डार्लिंग' में हुमा कुरैशी के साथ और 'भीड़' में भूमि पेडनेकर के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म 'मिस्टर और मिसेज माही' में वह जान्हवी कपूर के साथ हैं लेकिन जान्हवी भी उनकी तरह इन दिनों ओटीटी स्टार ही बनती दिख रही हैं। राजकुमार राव की पहचान उनकी उन फिल्मों से बनी है जिनमें उन्होंने अपना असली चोला छोड़ किरदार का चोला पहना। 'लव सेक्स और धोखा'', रागिनी एमएमएस', 'काई पो चे', 'क्वीन', 'न्यूटन', 'बरेली की बर्फी' और 'स्त्री' जैसी फिल्मों में राजकुमार राव की खूब तारीफ हुई। इनमें से हर फिल्म हिंदी सिनेमा का एक नायाब नमूना रही है और वह इसलिए क्योंकि राजकुमार राव ने इनमें एक स्टार की तरह नहीं बल्कि एक एक्टर की तरह काम किया। हिंदी फिल्मों के नामचीन निर्माता बताते हैं कि राजकुमार राव तक पहुंचना अब पहले जैसा आसान नहीं रह गया। अब राजकुमार राव तक पहुंचने के पहले उनकी टैलेंट एजेंसी को संतुष्ट करना होता है। अच्छी से अच्छी कहानियां भी इस टैलेंट एजेंसी तक आकर अटक जा रही हैं। राजकुमार राव को लेकर हिट फिल्में बनाने वाले स्वतंत्र निर्माता भी अब राजकुमार राव तक सीधे नहीं पहुंच पा रहे। इस नई बाधा ने बतौर कलाकार राजकुमार राव का नुकसान ही ज्यादा किया है। राजकुमार राव की पिछली फिल्म 'हिट द फर्स्ट केस' इसी नाम से दो साल पहले तेलुगू में बनी फिल्म का रीमेक है। ओरीजनल फिल्म देखकर ही राजकुमार ने इसकी हिंदी रीमेक के लिए हामी भरी लेकिन फिल्म के क्लाइमेक्स में किए गए अहम बदलाव पर राजकुमार ने ध्यान ही नहीं दिया। ओरीजनल फिल्म में पुलिस अफसर की बीवी वाकई में कत्ल करती है जबकि हिंदी रीमेक में कत्ल होता ही नहीं। यहां मौत एक हादसे में होती है और इसके बावजूद पुलिस अफसर अपनी बीवी की मदद करने के लिए लाश छुपाने की कोशिश करता है। फिल्म में दिखाया गया समलैंगिक रिश्ता भी लोगों को हजम नहीं हुआ। यहीं गलती राजकुमार फिल्म 'बधाई दो' में कर चुके हैं। राजकुमार राव जब फिल्मों के लिए संघर्ष कर रहे थे तो लोग उन्हें हीरो मटेरियल ही नहीं मानते थे।

## प्रभास की मदद को शरद केलकर की आदिपुरुष में एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंदी संस्करण में फिर गूंजेगी 'बाहुबली' की आवाज फिल्म 'तानाजी द अनसंग वॉरियर' से हिंदी सिनेमा के चोटी के निर्देशकों में शुमार हो चुके ओम राउत की अगली फिल्म 'आदिपुरुष' के लिए सिनेमाघरों की बुकिंग पर काम शुरू हो चुका है। जैसा कि 'अमर उजाला' ने साल के शुरुआत में ही बता दिया था कि ये फिल्म दुनिया भर में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज की तैयारी में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम तेजी से जारी है। इसके आईमैक्स संस्करण पर अमेरिका में काम चल रहा है और जल्द ही फिल्म की डबिंग पर काम शुरू होने जा रहा है। फिल्म में प्रभास पराक्रमी राम का चरित्र निभा रहे हैं लेकिन फिल्म 'साहो' और 'राधेश्याम' में प्रभास की हिंदी को मिली निराशाजनक प्रतिक्रिया के चलते 'बाहुबली' सीरीज के बाद एक बार उनकी आवाज हिंदी में डब करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्म फ्रेंचाइजी में शुमार 'बाहुबली' में लोकप्रिय अभिनेता शरद केलकर ने प्रभास के किरदारों को आवाज दी थी। और, शरद केलकर को ही फिल्म 'आदिपुरुष' के हिंदी संस्करण में पराक्रमी राम की आवाज बनाने की बात भी फाइनल हो चुकी है।

# कश्मीर फाइल्स के लिए अवॉर्ड न मिलने पर भड़के हुए अनुपम खेर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कहा- वह फंक्शन ही फ्रॉड होगा जहां बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर, साल 2022 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सितारे बन गए हैं। जी हां, एक तरफ जहां बॉक्स ऑफिस पर आमिर खान, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं दे सकते हैं।ठ बाद में उन्होंने हंसते हुए कहा, ठमैं यह बात अहम में आकर नहीं कह रहा हूं, बल्कि मुझे विश्वास है कि कश्मीर फाइल्स को हर अवॉर्ड मिलना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो



अक्षय कुमार और रणबीर कपूर जैसे सितारे फ्लॉप साबित हो रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अनुपम खेर साल में दो ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहे हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की अंडरडॉग कहलाने वाली, 'द कश्मीर फाइल्स' ने बड़े बजट की फिल्मों को धूल चटा दी। इसके बाद अनुपम खेर ने पैन-इंडिया फिल्म 'कार्तिकेय 2' के साथ एक और धमाका किया। हाल ही में, जब अनुपम खेर से पूछा गया कि क्या उन्हें उम्मीद है कि उनकी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को पुरस्कार मिलेंगे। तब अभिनेता ने कहा, ठकश्मीर फाइल्स के लिए जिस फंक्शन में मुझे अवॉर्ड नहीं मिला... वो फंक्शन ही फ्रॉड होगा। आप कैसे 'द कश्मीर फाइल्स' को उसका मतलब यही है कि आप असली नहीं हैं।बातचीत के दौरान, अनुपम को अनुराग कश्यप की हालिया स्टेटमेंट पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया, तब अभिनेता ने कहा, ठकौन है वो, कौन है अनुराग कश्यप?ठ व्यंग्यात्मक रूप से उन्होंने कहा कि मीडिया यही सुनना चाहता है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि ठमैं अनुराग कश्यप की बातौर फिल्म निर्माता बहुत इज्जत करता हूं, वह बहुत अच्छे निर्देशक हैं। हालांकि, हमें उनका सर्टिफिकेट थोड़ी चाहिए, वो कोई सर्टिफिकेट थोड़ी बांट रहे हैं कि ये अच्छी है और यह अच्छी फिल्म नहीं है। हमें जनता ने सराहा है और हम उसके लिए बहुत खुश किस्मत हैं।बता दें कि एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित आरआरआर के पश्चिम पर प्रभाव के बारे में बात करते हुए, अनुराग कश्यप ने कहा, ठआरआरआर को पश्चिमी देशों में अलग तरह से देखा जाता है। उन्होंने आरआरआर खूब प्यार दिया है। अगर आरआरआर को भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा जाता है, तो 99 फीसदी चांसेस हैं कि फिल्म अकादमी पुरस्कार के लिए नामांकित हो जाए। हालांकि मुझे नहीं पता कि भारत की तरफ से कौन-सी फिल्म ऑस्कर 2023 के लिए भेजी जा रही है, बस मैं उम्मीद करता हूं कि वह कश्मीर फाइल्स न हो।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।




आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274